Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 195 | गुरूवार, 17 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमरनाथ यात्रा 2025

# बालटाल मार्ग पर हुआ भूस्खलन एक महिला की मौत, 10 घायल

**श्रीनगर/बालटाल।**

श्री अमरनाथ यात्रा के बालटाल मार्ग पर बारिश के कारण भूस्खलन हो गया। इस दौरान राजस्थान की सोना बाई की मौत हो गई, जबकि 10 यात्री घायल हुए।



प्रशासन ने घायलों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की और यात्रा की सुरक्षा के लिए जांच जारी है। श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान बुधवार को हो रही बारिश के चलते बालटाल मार्ग पर एक दुखद घटना घटी। इस मार्ग पर रेलपथरी के पास जेड मोड़ पर बारिश का पानी पहाड़ से यात्रा मार्ग पर तेजी से आने से भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हो गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई, जिसकी पहचान सोना बाई (55) के रूप में हुई है। वह राजस्थान की रहने वाली थीं। इसके अलावा, करीब 10 अन्य यात्री घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी चिकित्सा सुविधा केंद्र में इलाज के लिए पहुंचाया गया। प्रशासन ने बालटाल और पहलगाम से यात्रा के सुचारू संचालन की जानकारी दी है, लेकिन इस घटना को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को तुरंत चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई है और आगे की जांच जारी है। श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान मौसम की स्थिति और सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन और सुरक्षा बल यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।



# दिल्ली से गोवा जा रही फ्लाइट का इंजन फेल, 17 मिनट तक हवा में अटका रहा इंडिगो का प्लेन




**नई दिल्ली।**

दिल्ली से गोवा जा रही इंडिगो की फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इंडिगो का प्लेन दिल्ली से गोवा के लिए रवाना हुआ था। लेकिन अचानक प्लेन का इंजन फेल हो गया और करीब 17 मिनट तक प्लेन हवा में ही घूमता रहा।

इसके बाद पायलट ने प्लेन की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद से अब तक प्लेन में तकनीकी दिक्कतों के कई मामले सामने आ चुके हैं। एक आरटीआई रिपोर्ट में तो ये खुलासा हुआ है कि पिछले 5 साल में भारत में प्लेन के इंजन फेल होने के 65 मामले सामने आ चुके हैं। पायलट ने जैसे ही विमान के इंजन को स्टार्ट किया, उसमें कुछ तकनीकी गड़बड़ी आ गई। पायलट ने एटीसी को उड़ान होल्ड करने के लिए सूचना दी। एअर इंडिया के इंजीनियर मौके पर पहुंचे, लेकिन गड़बड़ी ठीक नहीं हो सकी। इसके बाद उड़ान को निरस्त कर दिया गया। पिछले दिनों भी हैदराबाद जाने वाली उड़ान को बोर्डिंग प्रक्रिया के बाद निरस्त करना पड़ा था। मंगलवार को दिल्ली से पटना जा रही इंडिगो फ्लाइट को जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान गो अराउंड करना पड़ा। पहले प्रयास में अस्थिर एप्रोच के कारण फ्लाइट ने गो अराउंड किया और दूसरी कोशिश में ये सुरक्षित रूप से लैंड हो गई। 9 जुलाई को दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान पक्षी टकराने के कारण वापस पटना लौट गई।

### दुबई जा रही फ्लाइट गड़बड़ी के कारण निरस्त

इसके पहले बुधवार सुबह दुबई से लखनऊ पहुंची एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी आ गई। इंजीनियरों ने जांच के बाद उड़ान को निरस्त कर दिया। विमान में बैठे सभी 166 यात्रियों को होटल में ठहराया गया है। बोर्डिंग और चेकइन प्रक्रिया के बाद सभी 166 यात्री विमान में बैठ गए थे।

## कच्चातीवु विवाद में हस्तक्षेप करें पीएम मोदी

**चेन्नई।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लंबे समय से चले आ रहे कच्चातीवु विवाद को सुलझाने और श्रीलंकाई जेलों में बंद भारतीय मछुआरों और उनकी नावों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे हस्तक्षेप करने की अपनी अपील दोहराई है। स्टालिन ने तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों में तमिलनाडु के मछुआरों की रक्षा करने में विफल रही है, और साथ ही बिना कोई ठोस कार्रवाई किए कच्चातीवु मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। सीएम



स्टालिन ने जोर देकर कहा, ₹केवल प्रधानमंत्री का सीधा हस्तक्षेप ही तमिल मछुआरों के लिए एक स्थायी समाधान ला सकता है।₹ उन्होंने सवाल किया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस मुद्दे पर श्रीलंका के हालिया दावों का खंडन क्यों नहीं किया है।

## द्रौपदी मुर्मु से मिले पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में बैठक की तस्वीरें साझा की गई है। यह मुलाकात मोदी के पांच देशों के दौरे से भारत लौटने के कुछ दिनों बाद हुई है। प्रधानमंत्री घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा कर चुके हैं। वह 10 जुलाई को वापस आए थे। यह मुलाकात संसद के मानसून सत्र से पहले हुई, जो 21 जुलाई से शुरू होने वाला है।



## बारिश, बाढ़ और भूस्खलन... झमाझम बारिश से आफत में आई जान



**नई दिल्ली/शिमला/जम्मू ।**

उत्तर-पश्चिम भारत, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं और निम्न दबाव के क्षेत्र भी बने हैं। मौसम संबंधी इन प्रणालियों के प्रभाव से देशभर में बारिश हो रही है जिसके अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश में सक्रिय है और इसके प्रभाव से झमाझम बारिश हो रही है। बुधवार को भी उत्तराखंड समेत पश्चिमी हिमालयी राज्यों से लेकर अरुणाचल प्रदेश, गुजरात से लेकर ओडिशा और कश्मीर से केरल तक अलग-अलग स्थानों पर मूसलाधार वर्षा हुई। राष्ट्रीय राजधानी में भी बौछारें पड़ी और खराब मौसम के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से पांच उड़ानों को जयपुर और अमृतसर डायवर्ट करना पड़ा। मौसम विभाग ने पूर्वी और उससे सटे मध्य भारत में अगले दो दिन और दक्षिण भारत में 6-7 दिन भारी बारिश की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं और निम्न दबाव के क्षेत्र भी बने हैं। मौसम संबंधी इन प्रणालियों के प्रभाव से देशभर में बारिश हो रही है जिसके अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

### रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका ने फिर दी चेतावनी

# ट्रंप बोले- पुतिन से युद्ध खत्म करने दबाव बनाएं भारत और चीन

**नई दिल्ली।**

रूस और यूक्रेन में शांति स्थापित करने की अपनी रणनीति को असफल होते देख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत, चीन जैसे रूस के सहयोगी देशों पर दबाव डालने लगे हैं कि वह मौजूदा युद्ध को समाप्त कराने में सहयोग करें। यही नहीं अमेरिकी सरकार इन देशों को यह धमकी भी देने लगी है कि अगर उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन को शांति के लिए तैयार नहीं किया तो इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ेगा।



यह खामियाजा रूस से कारोबार करने के एवज में इन देशों पर अमेरिका की तरफ लगाए गए शुल्क को लेकर होगा। नाटो सचिव जेनरल मार्क रूट ने मंगलवार को इस बारे में अमेरिकी नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि, ‟दिल्ली, बीजिंग या ब्राजील के राष्ट्रपति को रूस के राष्ट्रपति को शांति वार्ता के लिए तैयार करना होगा नहीं तो इसका बहुत बड़ा असर इन देशों पर होगा।" रूट हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप की उस घोषणा के संदर्भ में उक्त बात कही है जिसके मुताबिक अगर रूस 50 दिनों के भीतर शांति वार्ता के लिए तैयार नहीं होता है तो उससे सामान खरीदने वाले देशों पर 100 फीसद अतिरिक्त टैक्स लगाया जाएगा। जब से यूक्रेन युद्ध की शुरूआत हुई है तभी से भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद करने वाला सबसे बड़ा देश बन चुका है। भारत का कहना है कि वह रूस से तेल खरीद कर वैश्विक तेल बाजार को संतुलित रखता है। इससे कच्चे तेल की कीमतें स्थिर रखने में मदद मिली है। जबकि अमेरिका व पश्चिमी देशों का कहना है कि भारत तेल खरीद कर रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में परोक्ष तौर पर मदद कर रहा है। यह हाल के दिनों में दूसरा मौका है जब अमेरिकी प्रशासन ने भारत समेत सभी ब्रिक्स देशों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की बात कही है। पिछले दिनों जब ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा था तब राष्ट्रपति ट्रंप ने इस संगठन के भारत समेत सभी देशों पर अतिरिक्त 10 फीसद का सीमा शुल्क लगाने का ऐलान किया था।

## देश की सबसे हल्की एक्टिव व्हीलचेयर लॉन्च

**नई दिल्ली।**

आइआइटी मद्रास ने बुधवार को स्वदेशी तकनीक से निर्मित भारत का सबसे हल्का एक्टिव व्हीलचेयर 'वाईडी वन' लांच किया।

अधिकारियों ने बताया कि वाईडी वन देश की पहली स्वदेशी रूप से विकसित मोनो ट्यूब रिजिड फ्रेम व्हीलचेयर है, जिसे विश्व की सर्वश्रेष्ठ व्हीलचेयर के अनुरूप डिजाइन किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्मित वाईडी वन प्रत्येक उपयोगकर्ता के शरीर,



मुद्रा और दैनिक गतिशीलता आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से अनुकूलित है। केवल नौ किलोग्राम वजन वाले इस व्हीलचेयर को कारों, ऑटो या सार्वजनिक परिवहन में उठाना, संभालना और रखना आसान है। आइआइटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि के अनुसार, दुनिया भर में व्हीलचेयर को अक्सर दिव्यांगता के एक सार्वभौमिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है।

इस धारणा को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि व्हीलचेयर, जब सही तरीके से बनाई जाती है, तो बोझ नहीं बल्कि स्वतंत्रता, गतिशीलता और समाज में पूर्ण भागीदारी का माध्यम बनती है।

## सीएम योगी से अपील- ओडिशा में फेल मॉडल यूपी में लागू न करें

**लखनऊ।**

निजीकरण के विरोध में बुधवार को 231वें दिन प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं पर विरोध सभाओं का क्रम जारी रहा। पदाधिकारियों ने निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रद्द करने की अपील की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से पूर्वांचल और दक्षिणांचल के निजीकरण के विरोध में प्रदेश भर में बुधवार को भी विरोध प्रदर्शन हुआ। समिति के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि उड़ीसा में निजीकरण के प्रयोग विफल रहा है। इसे प्रदेश की गरीब जनता पर न थोपा जाए। निजीकरण के विरोध में बुधवार को 231 वें दिन प्रदेश के सभी जिलों और परियोजनाओं पर विरोध सभाओं का क्रम जारी रहा। पदाधिकारियों ने निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल रद्द करने की अपील की। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि उड़ीसा विद्युत नियामक आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए टाटा पावर की चारों कंपनियों को उनकी उपभोक्ता सेवाओं के प्रति विफलता को देखते हुए तलब किया था। कंपनियों से माकूल जवाब नहीं मिलने पर उड़ीसा विद्युत निगम आयोग ने 15 जुलाई को यह निर्णय दिया कि अगले एक महीने के अंदर टाटा पावर की चारों कंपनियों की उपभोक्ता सेवाओं के प्रति कोताही और अक्षमता के मामले पर अब जनसुनवाई की जाएगी। उड़ीसा की चारों विद्युत वितरण कंपनियों के क्षेत्र में जाकर विद्युत नियामक आयोग टाटा की चारों कंपनियों के परफॉर्मेंस के बारे में आम जनता से राय लेगा।

**निजीकरण के विरोध में राज्यभर में प्रदर्शन जारी**



## संपादक की कलम से

# अंतरिक्ष से लौटा लाल

वे कितने अद्भुत, अव्यक्त, बेहद भावुक और भयभीत पल थे, जब शुभांशु शुक्ला और उनके तीन सहयात्री अंतरिक्ष से पृथ्वी की ओर लौट रहे थे। बीच में कुछ मिनट का ऐसा फासला आता है, जब सब कुछ शून्य होता है। कोई संचार और संवाद नहीं। बाहर का तापमान 1600–1700 डिग्री सेल्सियस। अंतरिक्ष और धरती के वायुमंडल के बीच की कशमकशङ्क। जीवन और मौत के बीच के वे क्षणङ्क! उस सन्नाटे और आग के बड़े गोले को पार कर जब अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं, तो उससे बड़ी जीत और बेपनाह खुशी का एहसास और क्या हो सकता है! शुभांशु की मां ने भावुकता में ठीक ही कहा है कि उनका बेटा दूसरा जन्म लेकर लौटा है। बहरहाल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सर्वप्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जो अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर गए और 18 सफल दिनों का अपना मिशन संपन्न कर लौटे हैं। बेशक उनसे पहले 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम भारतीय थे, लेकिन उनका दल पृथ्वी के ही चक्कर काटता रहा। अंतरिक्ष स्टेशन की तब व्यवस्था नहीं थी। इस बार शुभांशु और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी के 322 फेरे लगाए और अंतरिक्ष स्टेशन की गति 28,000 किमी प्रति घंटा रही। कुल यात्रा करीब 1.40 करोड़ किमी की रही। यह यात्रा इतनी ब्रह्मांडीय थी कि एक यात्री चंद्रमा पर 35 बार आ–जा सकता था। यकीनन यह अकल्पनीय कीर्तिमान है और नया इतिहास है। इस अंतरिक्ष मिशन ने शुभांशु शुक्ला को अवतारी पुरुष बना दिया है। अंतरिक्ष में जब भी मानव–जीवन संभव होगा या वनस्पतियां उगने लगेंगी। ऑक्सीजन का पर्यावरण होगा और जल के स्रोत मिल जाएंगे, तब पीढियां उन अदम्य साहसी और सुदृढ़ मानसिक शक्ति वाले चेहरों को याद करेंगी, जिन्होंने अंतरिक्ष में आकर जीवनोपयोगी स्थितियों की बुनियाद रखी। शुभांशु ने अंतरिक्ष में 7 अति महत्वपूर्ण, बेशकीमती प्रयोग किए, हालांकि पूरी टीम को 60 प्रयोग करने थे। भारत के लाल ने मेथी और मूंग के बीजों को अंकुरित किया, जो अंतरिक्ष में पोषण और खाद्य सुरक्षा की दिशा में भोजन साबित हो सकते हैं। अंतरिक्ष में सूक्ष्म जीवों के जीवन, पुनर्जीवन, प्रजनन और जीन परिवर्तनों पर प्रयोग किया। अंतरिक्ष में बीजों की वृद्धि और प्रतिक्रिया का भी अध्ययन किया। भविष्य में अंतरिक्ष मिशन के लिए ऑक्सीजन, बॉयोफ्यूल के स्रोत के तौर पर माइक्रोएल्गी का भी अध्ययन किया गया। अंतरिक्ष उड़ान के दौरान आंखों की गति और समन्वय पर असर को समझने का प्रयोग किया। दिमाग के रक्त–प्रवाह पर फोकस किया गया, जिससे सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण और उच्च स्तर की कार्बन डाइऑक्साइड के असर को जानने का प्रयास किया गया। अंतरिक्ष में मानव मांसपेशियों, हड्डियों पर अंतरिक्ष के प्रभावों की भी जांच की गई। यह अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चूंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नगण्य होता है, लिहाजा यात्री की मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। लौटने पर वह अपने पांव पर खड़ा होने और चलने में असमर्थ–सा रहता है। यह यात्रा 18 दिन की ही थी, लिहाजा यात्रियों पर इतने गहरे प्रभाव न पड़े हों, लेकिन फिर भी उनका पुनर्वास किया जा रहा है। उनकी पूरी तरह मेडिकल जांच होगी, इलाज किए जाएंगे, ताकि वे नए सिरे से पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुसार ढल सकें। अंतरिक्ष टीम ने एक्वायर्ड इक्विबेलेंस टेस्ट नामक एक मानसिक प्रयोग में भी भाग लिया, जो अंतरिक्ष में रहने की क्षमता को मापता है। यकीनन शुभांशु के जरिए यह भारत की अपवादीय उपलब्धि है। अंतरिक्ष विज्ञान का जो भारतीय इतिहास लिखा जा रहा है, यह यात्रा उसका प्रथम अध्याय है, लिहाजा अभी बहुत दूर जाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि शुभांशु के इस मिशन ने एक अरब सपनों को प्रेरणा दी है। बेशक यह भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में मील का पत्थर है। शुभांशु के अनुभव और प्रयोगों से बहुत मदद मिलेगी।



ललित शर्मा
संपादक

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

वेलकम इंडिया

भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है। अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है? भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है। चाहे चीन या पाकिस्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि जो सरकार करे, उसका विरोध करो, चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो। इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मजाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है। भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की जरूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है, लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं। लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा। भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो। बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुस्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया, वह एक सामान्य प्रशासनिक कार्य नहीं था, बल्कि एक लोकतांत्रिक शुद्धिकरण था। यह सुधार न केवल चुनावों को पारदर्शी बनाता है, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा भी करता है। परन्तु कुछ राजनीतिक दलों ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और इसे जातीय आंकड़ों, राजनीतिक संतुलन और चुनावी गणित से जोड़कर कोर्ट का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण संविधान सम्मत प्रक्रिया है और इसे बाधित नहीं किया जा सकता। अदालत ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को न केवल वैध बताया, बल्कि उसे लोकतंत्र के लिए आवश्यक भी बताया। यह फैसला यह भी दशार्ता है कि अब समय आ गया है जब चुनावी ईमानदारी को राजनीतिक शोरगुल और वोट बैंक की राजनीति के शोर में दबाया नहीं जा सकता। विपक्ष की प्रतिक्रिया लगभग स्वचालित होती जा रही है, चाहे मुद्दा हो आर्थिक सुधार का, रक्षा नीति का, विदेश नीति का, या अब मतदाता सूची सुधार का।



*प्रश्न यह उठता है कि क्या हर सुधार प्रक्रिया, चाहे वह कितनी भी लोकतांत्रिक या पारदर्शी हो, विपक्ष के लिए मात्र एक राजनैतिक खतरा है? विपक्ष का यह रवैया यह दशार्ता है कि उसे संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा कम और अपनी राजनीतिक गणनाओं पर भरोसा अधिक है। एक सामान्य नागरिक के लिए सबसे बड़ा अधिकार है वोट देना। यदि कोई सुधार प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि एक भी फर्जी वोटर सूची में न हो, कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं, जाति, धर्म या राजनीति से ऊपर उठकर नागरिकता के आधार पर मतदाता सूची बने, तो फिर उसका विरोध क्यों?विपक्ष इस डर से ग्रस्त है कि यदि मतदाता सूची साफ–सुथरी हो गई, तो उनके कथित परंपरागत वोट बैंक कमजोर हो सकते हैं। उन्हें डर है कि जातीय और क्षेत्रीय समीकरण बदल सकते हैं। लेकिन यह तर्क लोकतंत्र के मूल सिद्धांत के विरुद्ध है। लोकतंत्र जो है, उसे प्रतिबिंबित करे, न कि जो चाहिए, उसे निर्मित करे।*

## मोनिका डागा

## नमामि शमीशान नमामि शूलपाणि

कविता



सावन व्रत मेरा है सत्य संकल्पित,
श्रद्धा शब्द सुमन करूँ तुम्हें अर्पित,
हरो दुख मेरा महाकालेश्वर महेश,
तन मन सब तुमको किया समर्पित ।

गंगाजल तुम्हें नित मैं बाबा चढ़ाऊँ,
सुगंध धूप दीप और कपूर जलाऊँ,
करो कृपा कपालेश्वर कांटों क्लेश
प्रेम से भक्तिमय कीर्तन भी सुनाऊँ ।

शिवराज भक्तजन करें तेरी आराधना,
सावन मास की यह सुंदरतम साधना,
भरो भण्डार भूतेश्वर भूतनाथ भूतेश,
पूरी करो भोले सबकी मनोकामना ।

तुम करूणाकर कृपाल करूणानिधि,
देते हो भक्तों को ₹आनंद₹ सुधा निधि,
वर दो त्रिपुरारि त्रिकालज्ञ त्र्यंबकेश,
पाऊँ जीवन में सिद्धि शान्ति समाधि ।

कृपा से आपकी मेरी हो मधु वाणी,
सुखमय समृद्धिशाली हो हर प्राणी,
जगा दो ज्योति सर्वेश्वरदयाल सर्वेश,
नमामि शमीशान नमामि शूलपाणि ।

# भीड़भाड़ से दूर इन ऑफबीट हिल स्टेशन पर बनाएं घूमने का प्लान, सुकून की तलाश भी होगी पूरी

शहरों की गर्मी और उमस से परेशान होकर लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। लेकिन इस समय मसूरी, ऋषिकेश और नैनीताल जैसे फेमस हिल स्टेशन के समय भारी ट्रैफिक और भीड़ से खचाखच भरे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या आप पहाड़ों पर जाने पर भी क्या सुकून मिलेगा। शहरों की गर्मी और उमस से परेशान होकर लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। लेकिन इस समय मसूरी, ऋषिकेश और नैनीताल जैसे फेमस हिल स्टेशन के समय भारी ट्रैफिक और भीड़ से खचाखच भरे हैं। वीकेंड पर तो यहां का हाल और भी बुरा हो जाता है। क्योंकि हजारों की संख्या में लोग गर्मियों में यहां की ओर निकल पड़ते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या आप पहाड़ों पर जाने पर भी क्या सुकून मिलेगा। दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए मसूरी, नैनीताल और ऋषिकेश सस्ते और जल्दी पहुंचने वाले हिल स्टेशन हैं। लेकिन इन जगहों पर भारी ट्रैफिक और भीड़ मिलने के कारण लोगों की छुट्टियां का मजा किरकिरा हो रहा है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऑफबीट डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जोकि फेमस तो हैं, लेकिन यहां पर आपको भीड़भाड़ नहीं मिलेगी।



**कौड़ियाला:** अगर आप मसूरी के आसपास कोई शांत जगह ढूंढ रहे हैं, तो आप कौड़ियाला जा सकते हैं। ऋषिकेश से कौड़ियाला करीब 38 किमी दूर है। आपको यहां पर ऋषिकेश जैसा ट्रैफिक देखने को नहीं मिलेगा। आप यहां पर कैंपिंग कर सकते हैं और सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। पहाड़ों पर शांति का एहसास लेना एक अलग अनुभव है। इसलिए आपको ऐसी जगह पर जाने का प्लान बनाना चाहिए, जहां पर ज्यादा लोगों की भीड़ नहीं होती है।

**देवप्रयाग:** देवप्रयाग भी घूमने के लिहाज से एक अच्छी जगह है। मसूरी-नैनीताल और ऋषिकेश की भीड़ से बचने के लिए आप देवप्रयाग में सुकून और शांति का एहसास ले सकते हैं। आप यहां पर सुबह-सुबह संगम स्थल पर पानी के किनारे बैठ सकते हैं। फिर यहां पर शाम की आरती में शामिल हो सकते हैं। वहीं देवप्रयाग के पास में स्थित धारी देवी के दर्शन के लिए जा सकते हैं।

**भीमताल:** अगर आप नैनीताल के आसपास कोई शांत जगह की तलाश कर रही हैं, तो भीमताल बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे लोगों को रास्ते में मिलने वाला ट्रैफिक परेशान कर सकता है। लेकिन भीमताल पहुंचने के बाद आपको सुकून का एहसास होगा। भले ही आपको घूमने के लिए यहां पर ज्यादा जगहें नहीं मिलेंगी। लेकिन भीड़ और ट्रैफिक से राहत मिलेगी। नैनीताल से भीमताल की दूरी करीब 24 किमी की दूरी स्थित है। यहां पर पहुंचने में करीब 1 घंटे का समय लगेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित तौर पर विद्यालयों का निरीक्षण करें और निर्धारित समय से पूर्व विद्यालय से अनुपस्थित रहने पर अध्यापकों के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मर्ज किये गये विद्यालयों के जिन अध्यापकों द्वारा अब तक योगदान आख्या नहीं दी गई है, उन्हें चिन्हित करते हुए कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खण्ड शिक्षाधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि मर्ज किये गये विद्यालयों के अध्यापकों को जहां तैनाती दी गयी है, उन्होंने वहां ज्वाइन कर लिया है। इस संबंध में विद्यालय से प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि मर्ज किए गए जिन विद्यालयों द्वारा प्रतिवेदन दिया गया है उनके लिए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और एडीओ पंचायत को शामिल करते हुए टीम गठित की जाये और मौके पर जाकर यथास्थिति देखें तत्पश्चात प्रत्यावेदन पर निर्णय लिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय मर्ज होने के बाद खाली भवनों को संचालित करने के कार्यवाही की जाए इसके लिए उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को कमेटी का सदस्य नामित करें और खाली भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र, लाइब्रेरी, पंचायत भवन आदि का 15 दिवस के भीतर संचालन कराने के लिए कार्यवाही करें। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी खंड विकास अधिकारियों को विद्यालयों में प्राथमिकता से रसोई घर बनवाने और उसमें गुणवत्तापूर्ण टाइलीकरण का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है वहां यथासंभव कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स प्रणाली के अंतर्गत ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, मेडिकल असेसमेंट कैंप, लर्निंग आउटकम्स एवं फेसिलिटी की प्रगति पर विस्तार से समीक्षा की।

## किसान के खेत की ट्यूबवेल से बिजली का सामान चोरी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अम्बेहटा मार्ग से एक किसान के खेत की ट्यूबवेल से किसी चोर ने बिजली का सामान व सरिया चोरी कर लिया। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस चोर की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला कानूनगोयन निवासी किसान नवनीत गोयल पुत्र विनोद ने बताया कि उसके खेत क्षेत्र के अम्बेहटा मार्ग पर स्थित है। मंगलवार की रात्रि किसी चोर ने मौका पाकर ट्यूबवेल से बिजली का सामान एवं सरिया चोरी कर लिया। बुधवार की सवेरे जैसे ही पीड़ित अपने खेत पर पहुंचा तो चोरी की घटना की जानकारी प्राप्त हुई। पीड़ित ने मामले की सूचना 112 पुलिस को दी 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की मगर चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# पीड़ित लोगों के राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं को लेकर डीएसओ से मिले: वसीम उल हसन खान



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन के नेतृत्व में पीड़ित लोगों के राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं को लेकर डीएसओ से मिले। वसीम उल हसन खान ने बताया कि राशन कार्ड से संबंधित परेशानियों को लेकर लोगों ने जनसेवा समिति कार्यालय पर गुहार लगाई थी। इस मामले को लेकर डीएसओ पूरन सिंह से मुलाकात कर समस्याओं को रखा। नये राशन कार्ड के लिए कई महीने पहले जिन लोगों ने आनलाइन आवेदन किया था वह राशन कार्ड आज तक नहीं बन पाये हैं जबकि उनका सर्वे, सत्यापन भी हो चुका हैं। उन गरीब लोगों का राशन कार्ड आज तक नहीं बन पाया हैं और पुराने राशन कार्ड में लोगों के यूनिट नाम काटे जा रहे हैं। इन समस्याओं को संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने जिन लोगों के आन लाइन आवेदन राशन कार्ड पेंडिंग थे उनको उसी टाइम निस्तारण कराया। राशन कार्ड से संबंधित अन्य समस्याओं को भी शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया। इस मौके नपर हारिस शमसी, नजमी खां, सिराज शमसी, मुकर्रम मियां, सनी गुप्ता, हरविन्दर सिंह, उमैर अहमद, शीबू खान, मनी सिंह, काशिफ शमसी, अरविन्द, फैजान खान, मुजम्मिल हम्माद, चन्द्र प्रकाश, शमनाज बी, मेहनाज बी, अंजुम आरा, हूर बी, आबिदा नजीर, शहाब आदि मौजूद थे।

# समाजसेवी ठाकुर वेद प्रकाश सिंह ने ईमानदारी की मिसाल पेश की



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

चांदपुर : ईमानदारी की मिसाल कायम की ठाकुर वेदप्रकाश सिंह ने रूपपुर निवासी समाज सेवी ठाकुर वेद प्रकाश सिंह चांदपुर सिंह ट्रैक्टर्स स्वराज में काम करते हैं जो कि कल उनको उनकी ब्रांच के सामने एक मोबाइल फोन हाथ आया उन्होंने उस का नंबर निकाल कर उसके मालिक को पता किया और उसका फोन वापस किया फोन पाकर शमशुद्दीन बहुत खुश हुए और उन्होंने समाजसेवी ठाकुर साहब की बहुत प्रशंसा की।

# प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद तहसील से जुड़ा हुआ है जहां पर प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया।जानकारी के अनुसार थाना मंडावली के औरंगपुर बसंता उर्फ काठपुर निवासी अनिल जाटव की पत्नी अग्नेश देवी को प्रसव पीड़ा होने पर गांव की ही एक आशा ने नजीबाबाद के हरिद्वार मार्ग साहनपुर गेट स्थित ईवा नामक हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, परिजनो का आरोप है कि पहले तो डॉक्टर द्वारा नॉर्मल डिलीवरी के लिए कहा गया, उसके कुछ देर बाद डॉक्टरों ने नॉर्मल डिलीवरी न होने और महिला का ऑपरेशन करने की बात कही। परिजनों की सहमति पर डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया लेकिन कुछ देर बाद ही जच्चा, बच्चा दोनों की मौत हो जाने की खबर दे दी। जिसके बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई, गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची नजीबाबाद पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए परिजनो को शांत कराया। इस संबंध मे एसीएमओ राजेंद्र सिंह विश्वकर्मा ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला मेरी संज्ञान में आज ही आया है और मैं जल्द ही इस संबंध में अस्पताल पहुंच कर जांच कराएंगे और जच्चा बच्चा दोनों की मौत का क्या कारण रहा है, इसके बाद कार्यवाही की जाएगी। उधर, हॉस्पिटल संचालक से फोन द्वारा उनका पक्ष जानना चाहा लेकिन उनका फोन स्विच आया। उधर क्षेत्र के लोगों का कहना है ग्रामीण क्षेत्रों की आशाएं नॉर्मल प्रसव कराने के नाम पर अपने स्वार्थ की खातिर जच्चा बच्चा और उसके परिजनों को बहला फुसलाकर प्राइवेट हॉस्पिटलों में ले जाती हैं जहां पर कभी-कभी जच्चा बच्चा की जान पर बन आती है। इससे पूर्व में भी क्षेत्र के निजी अस्पतालों में इस प्रकार की कई घटनाएं घट चुकी हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन का इस प्रकार की घटनाओं पर ध्यान ना देना अपने आप में एक बड़ा सवाल है।




# सड़क किनारे देर रात संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** उधर के पैसे लेने गए सफाई कर्मी एवं बसपा के जिलाअध्यक्ष के भाई की गांव के सड़क किनारे देर रात संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन हत्या करना मान रहे हैं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए।थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा निवासी मगन सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कर्मचारी है और बासपा जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ पिंटू का बड़ा भाई है। मंगलवार को तेलीपुरा में अपने उधर के पैसे लेने गया था, और रात को वही ठहर था की देर रात तेलीपुरा गांव के सड़क किनारे शव पडा मिला। जैसा देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई ग्रामीण घटना की सूचना भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार पिंटू को सूचना मिलते ही दिलीप अपने परिजनों के साथ देर रात 1:00 बजे करीब मौके पर पहुंचे, दिलीप कुमार ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी तेजपाल सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना का निरीक्षण कर शव को कब्जे में कर रात को ही पंचनामा पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी तेजपाल सिंह का कहना है कि मघन सिंह तेलीपुरा गया था और वहीं ठहरा था रात को बिना रेलिंग की छत पर सोया था अचानक लघुशंका के लिए उठा होगा और छत से गिरकर मौत हो सकती है। जबकि परिजन मघन की मौत नहीं हत्या होना मान रहे हैं। मृतक के भाई बसपा जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए पत्रकारो को बताया कि वह अपने उधर के पैसे लेने तेलीपुरा गया था। गांव के पास सड़क किनारे उसका शव मिला है, उन्होंने बताया कि मघन की मौत कैसे हुई कैसे नहीं इसकी जांच कराई जाएगी।

# महेश शर्मा दूसरी बार बने विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद** : विश्व हिंदू महासंघ द्वारा जिला अध्यक्ष महेश शर्मा को मनोनीत किया गया है। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश तथा मुरादाबाद मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा की संतुति पर महेश शर्मा को संभल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप सदैव हिंदू स्वाभिमान के जननायक योगी आदित्यनाथ जी महाराज के आदर्श, गौ माता की सेवा, जीव दया, समाज सेवा, समाज में फैल रहे ऊंच नीच जैसे कुचक्र से समाज को जागरूक कर संगठित करने जैसे कार्यों में आप संगठन तथा समाज में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। महेश शर्मा के विश्व हिंदू महासंघ के संभल जिला अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों को तांता लग गया।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मृतव योजना के अंतर्गत लगाया कैंप

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के सरकारी अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मृतव योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच कर उनका उपचार किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कैंप में निरीक्षण कर महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। बुधवार को नगर के सरकारी अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मृतव योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाया। कैंप में नगर एवं क्षेत्र से आई गर्भवती महिलाओं ने अपनी निशुल्क जांच कर उपचार कराया। चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह ने कैंप में पहुंचकर निरक्षण करते हुए महिलाओं से उनके स्वास्थ संबंधी जानकारी ली। चिकित्सक प्रभारी ने लैब, औषधि निरीक्षक, पंजीकरण, सहित आदि स्थानों का निरीक्षण किया। चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह ने बताया कि कैंप में 65 महिलाओं ने पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया और स्वस्थ की जांच कराई। कैंप में आई 11 महिलाओं में एचआरपी की कमी पाई गई जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराकर उनका उपचार किया। अन्य महिलाओं की निशुल्क जांच कर दवाई वितरित की गई और उन्हें बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर सिंह, दीपक कुमार, डॉ सिद्धार्थ, अंकित चौहान, ब्लॉक प्रबंधक तोहिद अली, सलीम सहित आदि स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह एवं आरक्षी दिनेश भाटी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर मैं दिनांक 15.07.2025 को एक वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से एसपी बिजनौर को प्राप्त हुआ, जिसमें पुलिस टीम पर एक युवक से अभद्रता एवं मारपीट किए जाने आदि के आरोप लगाए गए हैं। उक्त वीडियो की जांच कराए जाने पर यह घटना थाना मंडावर क्षेत्र की पाई गई तथा वीडियो में उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह एवं आरक्षी दिनेश भाटी दिखाई दिये।पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद बिजनौर द्वारा वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह एवं आरक्षी दिनेश भाटी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोई लापरवाही न बरतें एवं शालीनता एवं मयार्दा का पूर्ण पालन करें। कार्य में लापरवाही या अमर्यादित आचरण पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत किया महिलाओं को जागरूक

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया? एवं कस्बे के कई स्थानों पर सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर पंपलेट वितरण की। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण अभियान चला रखा है। प्रदेश सरकार के निर्देश हैं कि सभी महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जाए। बुधवार को थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मी रूबी एवं मिथिलेश ने कस्बे के सरकारी अस्पताल, कैराना बस स्टैंड, दिल्ली बस स्टैंड, मेन बाजार सहित कई स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित की। महिला पुलिसकर्मियों ने बताया की सरकार महिला सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड पर है। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी मनचला महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करता है तो तुरंत 112 पुलिस को सूचना दे। घरेलू हिंसा या किसी भी तरह का अपराध होने पर सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों की सहायता ले। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने जानकारी दी।

# संस्थान से जुड़े सदस्यों ने डीएम बिजनौर को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर कुष्ट आश्रम को पानी की निकासी के लिए नाले की सुविधा एवं आने जाने के लिए रास्ता दिए जाने की मांग रेलवे स्टेशन स्थित आदर्श महात्मा गांधी कुष्ट आश्रम रजिस्टर्ड संस्थान के अपाहिज व कुष्ट रोग से पीड़ित लोगों ने डीएम बिजनौर जसजीत कौर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि हमारी एक रजि.संस्थान सन 1972 से है, जिसमे अपाहिज/कुष्ट रोग व्यक्ति उक्त संस्थान के सदस्य है, उक्त संस्थान सन 1971 से खसरा नं. 837, स्थित ग्राम रशीदपुर गढ़ी, परगना व जिला बिजनौर के बकदर भाग की मालिक व काबिज हैं, जिसके पश्चिम व दखिन मे आराजी रेलवे की है तथा उत्तर व पूरब खेत कोमल सिंह आदि वारिसानो के हैं। लेकिन आज तक उक्त संस्थान में आने जाने का रास्ता एवं गंदे पानी की निकासी का साधन उपलब्ध नही हो पाया है, जिसकी वजह से उक्त संस्थान में रह रहे कुष्टरोग/अपाहिज लोग व उनके परिवार को गंदगी अथवा असुविधा से जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है, उक्त संस्थान ने पहले कई बार रेलवे विभाग और नगर पालिका से निवेदन किया है, कि उक्त संस्थान को पानी की निकासी के लिए नाले की सुविधा एवं आने जाने के लिए उचित रास्ता उपलब्ध करवा दे, परन्तु आज तक संस्थान को नाले अथवा रास्ते की सुविधा उपलब्ध नही कराई गई, हम मांग करते है कि संस्थान को पानी की निकासी के लिए नाले की सुविधा एवं आने जाने के लिए उचित रास्ता उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन देने वालो में रामवतार, सुनील, महेंद्र, चम्पा, चांदमनी, आसित, पदमनी आदि लोग मौजूद रहे।

# टाण्डा में अतिक्रमण नोटिस से मचा हड़कंप, सीएम और प्रमुख सचिव से मिले स्वार विधायक, दुकानदारों का रखा पक्ष

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग और नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण चिन्हीकरण के बाद दुकानों और मकानों पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा संबंधित लोगों को एक सप्ताह में स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है ।जिसके बाद नगर में दुकानदारों और मकान मालिकों में बेचैनी बढ़ गयी है। उनका कहना है कि वर्षों से वे इन दुकानों के जरिए अपना रोजगार चला रहे हैं, और अचानक हुई इस कार्यवाही से उन्हें बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी सक्रिय हुए और लोगों को हर संभव



साथ देने का वादा किया ।विधायक पहले लखनऊ में अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मिले, फिर बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से मुलाकात कर टाण्डा के दुकानदारों और क्षेत्र की अन्य समस्याओं से अवगत कराया ।विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने निष्पक्ष जांच और उचित समाधान का आश्वासन दिया है। इससे पहले 13 जुलाई को सांसद

लखनऊ में मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव गृह से मिलकर टाण्डा के दुकानदारों सहित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया ।उन्होंने उचित समाधान का आश्वासन दिया है। **–शफीक अंसारी, विधायक स्वार-टाण्डा**

मोहिबुल्लाह नदवी भी नगर पहुंचे और प्रभावितों को ढांढस बंधाया। लखनऊ में विधायक के साथ उनके टाण्डा प्रतिनिधि शरीफ जमील, अपना दल एस के प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट, अहमद नबी सैफी ,मोहम्मद असजद, सलीम कसगर और हाजी मुशर्रफ आदि मौजूद रहे। लोगों को अब विधायक की पहल से उम्मीद की किरन नजर आने लगी है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि पीडब्ल्यूडी विभाग अगला कदम क्या उठाता है।

# गंगा जमुना का तेजी से बड़ा जलस्तर से मां गंगा ने लेटे हनुमान जी को कराया स्नान

वेलकम इंडिया

**सनी कुमार केसरवानी संवाददाता प्रयागराज।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण प्रयागराज में पिछले कुछ दिन से तेजी बढ़ रहे गंगा यमुना के जलस्तर से पूरा संगम क्षेत्र जलमग्न हो गया है ।आज सुबह से गंगा यमुना के जलस्तर में तेजी से हुई बढ़ोतरी ने सभी के होश उड़ा दिए हैं। ऐसे में बाढ़ का खतरा एक बार फिर मंडराने लगा है। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 81.66 मीटर दर्ज किया गया, वहीं छतनाग में गंगा का जलस्तर 80.51 मीटर रिकार्ड किया गया।

लगातार गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण आज दिन में मां गंगा ने लेटे हनुमान जी को स्नान कराया और विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए हैं वहीं



घाट पर रहने वाले लोग अब पीछे की ओर आ गए हैं तो संगम के साथ अन्य घाटों पर भी बाढ़ जैसी स्थिति है कछारी इलाकों में रहने वाले लोगों की एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ गई।

# सात वर्षीय बालक पर कुत्ते ने हमला कर किया घायल

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में एक आवारा कुत्ते ने सात वर्षीय बालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर आवारा कुत्तों से सावधानी बरतने की सलाह दी। नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है प्रशासन आवारा कुत्तों पर नकेल कसने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है। आवारा कुत्ते आए दिन हिंसक होते जा रहे हैं और गली मोहल्ले से गुजरने वाले महिला- पुरुषों सहित बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। बीते एक माह के भीतर आवारा कुत्तों ने दर्जनों लोगों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया है। कस्बा निवासी राजीव शर्मा की आवारा कुत्ते के काटने से बीते दिनों मौत हो गई थी। आवारा कुत्तों के हमले से नगर व क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर कसौली निवासी जयवीर का सात वर्षीय पुत्र शौर्या गली में खेल रहा था तभी एक आवारा कुत्ते ने अचानक से हिंसक रूप ले लिया और बालक पर हमला बोल दिया। बच्चे चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने डंडा लेकर आवारा कुत्ते को भगाया और परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक को प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज की वैक्सीन देकर आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी। प्रभारी निरीक्षक रामबीर सिंह का कहना है कि बीते दिनों से लगातार आवारा कुत्तों के हमले बढ़ रहे हैं जिनके मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। चिकित्सक प्रभारी ने सलाह दी है कि आवारा कुत्तों, बंदरों व बिल्ली से दूर रहे, काटने पर तुरंत घर में साफ पानी से साबुन लगा कर धुलाई करें और उसके बाद तुरंत अस्पताल में अपना उपचार कराए लापरवाही बरतने पर आपकी जान भी जा सकती है इसलिए सावधानी बरतनी जरूरी है।

# संकुल बैठक में शिक्षकों ने रुचि पूर्ण ढंग से अपने-अपने विचार साझा किये


वेलकम इंडिया

प्रयागराज में उच्च प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती कीडगंज, नगर क्षेत्र प्रयागराज के तत्वावधान मे शिक्षक संकुल बैठक आहूत की गयी। वरिष्ठ अध्यापक मुहम्मद रिजवान ने बताया कि शासन की मंशानुरूप खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह के कुशल निर्देशन में संकुल साऊथ मलाका एवं संकुल एलनगंज की बैठक क्रमशः कम्पोजिट विद्यालय नई बस्ती कीडगंज नगर क्षेत्र प्रयागराज एवं कम्पोजिट विद्यालय पुराना कटरा द्वितीय मे सभी शिक्षक संकुलों की उपस्थिति मे आयोजित की गयी। रिजवान ने बताया कि शिक्षक संकुल इम्तियाज अहमद के उद्घाटन भाषण से



शिक्षक संकुल बैठक का आगाज किया गया। इस भव्य बैठक मे अन्य शिक्षक संकुल राशिद महमूद, श्रीमती प्रियम्भा तिवारी, मोहम्मद फाजिल, आसिफ असगर द्वारा बैठक के एजेन्डे पर संक्षेप में प्रकाश डाला। शिक्षक संकुल बैठक में उपस्थित नगर क्षेत्र के नये ए0आर0पी0 मनोज कुमार पाण्डेय ने बैठक के एजेन्डे पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया जिसमें उन्होने ए0सी0ई0आर0 फ्रेम व किट का प्रयोग करते समय पी0ई0ई0आर0 फ्रेम वर्क का कैसे प्रयोग करें, आदि पर प्रकाश डाला, इस संकुल बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने रूचीपूर्ण ढंग से अपने अपने विचार साझा किये। वरिष्ठ ए0आर0पी0 श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव द्वारा विज्ञान का अधिकाधिक प्रयोग व विज्ञान किट के प्रयोग पर अपना बहुमूल्य सुझाव दिया। वरिष्ठ शिक्षक मुहम्मद रिजवान द्वारा संकुल बैठक में शैक्षिक नवाचारों पर प्रकाश डाला। अन्य शिक्षक संकुलों श्रीमती सीमा सिंह, राजीव श्रीवास्तव, बलवन्त, असद द्वारा भी संक्षिप्त संकुल शिक्षक बैठक मे अपने विचार व्यक्त किये। इस संकुल बैठक में श्रीमती गार्गी अग्रवाल, श्रीमती रेनू विज, श्रीमती दिव्या सिंह, तजमीन अहमद अफरोज, श्रीमती कविता पन्त, श्रीमती शोभी वर्मा, श्रीमती लता चतुर्वेदी, श्रीमती दीपा कुशवाहा, विमल कुमार जायसवाल, संदीप कुमार श्रीवास्तव, विशाल शर्मा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण




वेलकम इंडिया

**झाँसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में चल रहे सीधे प्रवेश वाले पाठ्यक्रमों में दिनांक 17 जुलाई 2025 से सीधे प्रवेश प्रारंभ हो रहे हैं। इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से हो रही है जिसकी ट्रेनिंग विश्वविद्यालय के केंद्रिय कंप्यूटर भवन में दी गई। सभी विभागाध्यक्ष और पाठ्यक्रम समन्वयक अपने एक एक शिक्षक के साथ बैठक में उपस्थित रहे ट्रेनिंग सिस्टम एनालिस्ट डॉ. दीपक तोमर एवं इंजी. साबिर अली द्वारा दी गई।

# थाना बेलहरकला पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में 01 बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बेलहरकला श्याम मोहन के नेतृत्व मे उ0नि0 विश्वकर्मा गिरि, का0 रामभूषण पटेल, का0 बृजेश सिंह ने मु0अ0सं0 180/2025 धारा 105 बीएनएस मे 01 नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादी द्वारा दिनांक 16.07.2025 को थाना बेलहरकला पर तहरीर दिया गया कि दिनांक 15.07.2025 को घर में उनके तीन बच्चे मोबाइल की बात को लेकर झगड़ रहे थे इसी बीच एक बच्चे द्वारा सब्जी काटने वाला चाकू ले लिया औ? छीना छपटी में वादी की पुत्री को चाकू लग गया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी ।जिसके उपरान्त थाना बेलहरकला पर प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

# डीएम राहुल पाण्डेय ने सुनी किसानों की समस्याएं, दिए गए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने किसानों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने एवं शिकायकर्ता को अवगत कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विगत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की एवं किसानों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए शिकायकर्ता को अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होने किसानों को सम्बन्धित विभागों द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शितापूर्ण मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र को निर्देश दिये कि कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित कराये जा रहे तिल प्रदर्शन कृषकों को दिखाया जाये ताकि जो 20 हे0 का तिल बीज कृषि विज्ञान केन्द्र हाथरस द्वारा निशुल्क




वितरण किया जा रहा है उसकी जानकारी हो सके। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को ग्लूट्रैप/फैरोमेन ट्रैप निजी विक्रेता पर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। कृषकों की समस्या का निदान करने हेतु अवगत कराया कि विद्युत विभाग द्वारा दिनांक 17 से 19 तक जनपद के गाँव में मेगा कैम्प लगाये जा रहे है, जिसमें उपभोक्ताओ की प्रत्येक शिकायतो का पंजीकरण 1912 हेल्प डेस्क पर सुनिश्चित किया जायेगा तथा उपभोक्ताओ की किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या, मीटर का बदला जाना, विद्युत बिल का जमा किया जाना आदि समस्त कार्य एवं शिकायतो का निस्तारण मेगा कैम्प में एकल खिड़की पर सुनिश्चित किया जायेगा व जनपद में कन्ट्रोल रूम दूरभाष संख्या 9193304441 पर भी विद्युत सम्बन्धित शिकायत दर्ज की जा सकती है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियो को कृषकों की समस्याओ का शीघ्र निस्तारण करने के साथ ही विभागो द्वारा आयोजित कराये जा रहे प्रदर्शनों की जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजित प्रदर्शनो का भ्रमण कराने हेतु रोस्टर तैयार कर कृषकों का भ्रमण कराया जाये साथ ही जिन कृषकों को प्रदर्शन का लाभ दिया गया है उनको भी किसान दिवस में आमत्रित किया जाये ताकि अन्य कृषकों को प्रदर्शनों की जानकारी मिल सकें। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मण्डी समिति, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सिचाई द्वारा कृषकों को सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गयी।

# डाक कावड़ में हुड़दंग मचाया तो होगी बड़ी कार्रवाई, सतीश कुमार

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक ने डाक कावड़ में भाग लेने वाले शिव भक्तों के साथ बैठक आयोजित की और हुडदंग ना मचाने की अपील करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान दर्जनों कांवड़िए मौजूद रहे। नगर एवं क्षेत्र से सैकड़ो शिव भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेने के लिए जाते हैं। सैकड़ो युवा डाक कावड़ के माध्यम से पवित्र गंगाजल लाकर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक करते हैं। डाक कावड़ के दौरान हादसे एवं कई बार विवाद हो जाता है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बुधवार को थाना प्रांगण में डाक कावड़ को जाने वाले भक्तों के साथ एक बैठक आयोजित की। प्रभारी निरीक्षक



ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी ऊंचाई वाला डीजे कावड़ यात्रा में नहीं जाएगा। डीजे की तेज आवाज बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। किसी तरह का कोई भी हुड़दंग मचाता है, वह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी मार्गों पर हरिद्वार तक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं सभी शिव भक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। किसी तरह का कोई भी झगड़ा, फसाद वह विवाद होता है तो सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा।

# पेड़ लगाकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लें : बिष्ट

वेलकम इंडिया

**गरुड़।** प्रसिद्ध बैजनाथ धाम में वन विभाग के तत्वाधान में हरेला पर्व व नदी उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि कहा कि इस पर्व के माध्यम से हमें पेड़ लगाकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता न रह जाए, इसके लिए 'मैक्सिमम सर्वाइवल ऑफ प्लांटेड ट्रीज' पर बल दिया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में ह्लजन्मदिन वाटिकाह्न की शुरूआत की जाएगी, जिसमें लोग अपने जन्मदिन पर पौधा लगाकर पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व निभा



सकेंगे। नदी उत्सव के अंतर्गत गरुड़ क्षेत्र में गोमती नदी को चिह्नित किया गया है, जहां नालों की सफाई, चेक डैम निर्माण तथा नदी डिस्चार्ज को बढ़ाने हेतु ठोस कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पॉलीथिन मुक्त अभियान को युद्धस्तर पर संचालित करने की आवश्यकता बताई। वन क्षेत्राधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखंड की परंपरा में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आज पूरे उत्तराखंड में 5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर विभिन्न प्रजाति के दर्जनों पौधे रोपे गए। संचालन वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान एसडीएम प्रियंका रानी, तहसीलदार निशा रानी, रेंजर महेंद्र सिंह गुसाई, ईश्वरी दत्त कांडपाल, नायब तहसीलदार प्राची बहुगुणा, बीईओ कमलेश्वरी मेहता, वृक्ष मित्र जेपी कुनियाल, समाजसेवी बसंत बल्लभ जोशी, देवेंद्र गोस्वामी, दयाल काला आदि मौजूद थे।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव रामराये के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लगाई जागरुकता प्रदर्शनी

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव रामराये के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा के सुपुत्र रूद्राक्ष मिढ़ा, भाजपा नेता मुकेश कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा आपातकाल के पीड़ितों को नमन करने व सम्मान देने के लिए स्लाइड्स के माध्यम से संविधान की मयार्दा पर हुए हमले और लोकतंत्र के सत्याग्रहियों के संघर्ष की कहानी



को दशार्या गया। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान रूद्राक्ष मिढ़ा ने कहा कि भारत में संविधान की रक्षा के लिए सत्याग्राहियों के संघर्ष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इस प्रयास के माध्यम से युवा पीढ़ी को वर्ष 1975 में लोकतंत्र को कुचलने के लिए आपातकाल लागू करने के उपरांत देश में उपजे हालातों के बारे में सटीक जानकारी मिलेगी। साथ ही लोकतंत्र को पुनः स्थापित करने व संविधान की मयार्दा को बचाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित में लोकतंत्र को बचाने में अपना योगदान देने वाले लोकतंत्र प्रहरियों को सामने लाकर उनका सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व हर वर्ग को बंधक बनाने का काम तत्कालीन सरकार ने किया था और उस दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए सचेत होने वाले राष्ट्र हितधारकों को जेलों में डाला गया था। महिला हो या युवा, बुजुर्ग हो या बच्चे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वालों की आवाज को दबाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में हर वर्ग को सम्मान दिया जा रहा है।

# मेरा गाँव मेरी पहचान के तहत महात्मा गांधी स्कूल छीतापुरा में हुआ पौधारोपण

वेलकम इंडिया



**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)** । हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था कार्यक्रम ₹मेरा गाँव मेरी पहचान₹ जिसका उद्देश्य ग्रामीणों एवं संस्था के सहयोग से हरित पर्यावरण पौधारोपण करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पौधारोपण किया गया गाँव छीतापुरा मे दो सो पचास से अधिक पौधारोपण किया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सिकरौदा प्रधानाचार्य नरेन्द्र कुमार जैन एवं पूर्ण सहयोग लक्ष्मीनारायण शर्मा प्रधानाध्यापक सिंघावली खुर्द और समाज सेवी जालिम सिंह वर्मा एवं समस्त ग्राम वासियों ने पूर्ण भागीदारी के साथ स्कूल एवं मंदिरों मे पौधारोपण किया गया संस्था से जिला अध्यक्ष राधेश्याम तोमर ने बताया मेरा गाँव मेरी पहचान गाँव नीमडाडा से प्रारंभ हुआ हरित पर्यावरण क्रांति के रूप मे अन्य गाँव मे चिंगारी बन कर उभरा है अब तक राजाखेड़ा के समीपवर्ती गाँव मे लगभग पांच हजार से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है ग्रामीण वासियों का ध्यान अपने गाँव मे हरित पर्यावरण के रूप मे उभरा है संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया संस्था का उद्देश्य ग्रामीण भारत के हर कोने तक हुनर और आत्मनिर्भरता की शक्ति पहुँचाना। ₹मेरा गाँव, मेरी पहचान₹ केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है झ अपने गाँव को सशक्त बनाने का, युवाओं को हुनरमंद बनाने का, और हर व्यक्ति को उसकी जड़ों से जोड़कर एक नई पहचान देने का संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि यह कार्यक्रम एक अत्यंत भावनात्मक और गर्व से भरा है जो व्यक्ति को अपने गाँव से जुड़ेपन और जड़ों की गहराई को दशार्ता है। यह विचार ग्राम्य जीवन संस्कृति परंपरा और सामूहिक एकता को समर्पित होता है माटी की खुशबू में बसता मेरा वजूद जहाँ हर सुबह खेतों की हरियाली से होती है किसानों के सम्मान की बात है महिलाओं की आजीविका स्त्रोत की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा के लिए संस्कारों की मेहनत और आत्मसम्मान की है साथ ही संस्था के ग्रामीण प्रभार मंत्री भंवर सिंह वर्मा ने ग्रामीणों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया उन्होंने इस अभियान मे अपनी सहमति व्यक्त की एवं बदलाव देखा गया पौधारोपण के बाद ग्रामीणों की देख रेख सहमति व्यक्त की गयी कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी नरेन्द्र जैन आकाश तोमर जितेन्द्र शर्मा विद्यालय से समस्त स्टाफ साथी उपस्थित रहे ।

# आशीष कुमार ने आने वाले शिवभक्तों को जलपान की व्यवस्था और ठहरने की भी व्यवस्था की



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के थाना हाफिजपुर पुलिस के द्वारा श्रावण मास का महीना चल रहा है तथा लगातार शिव भक्त कांवड़ यात्रा मैं मगन होते जा रहे हैं, कांवड़ यात्रा के प्रति थाना हाफिजपुर इंस्पेक्टर द्वारा एवं उनकी टीम के द्वारा श्रद्धालुओं की कुशलता के प्रीति उनको शीतल जल शिकंजी इत्यादि फल फ्रूट वितरण कर यात्रा के दौरान सावधानीपूर्वक सड़क किनारे चलने हेतु में बताया गया तथा उधर टोलकर्मियों को भी वालिंटियर्स को भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के प्रति सहयोग के लिए निर्देशित किया गया, ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े यात्रा के दौरान, लगातार थाना हाफिजपुर प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार ने शिव भक्तों की सेवा में अपनी टीम के साथ खड़े हैं।

# वड़ोदरा की घटना से लिया सबक



वेलकम इंडिया/चरण सिंह

**बरेली।** गुजरात के वडोदरा में पुल ढहने की घटना के बाद लोक निर्माण विभाग बरेली मंडल में 50 वर्ष पुराने सभी पुलों की जांच करा रहा है।मंडल के चारों जिलों में इंजीनियर अब तक 21 पुलों की जांच कर चुके हैं। जांच में पीलीभीत में एक पुल और एक पुलिया यातायात के लिहाज से असुरक्षित मिलने पर आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया। इसमें एक पुलिया पूरनपुर तहसील में कुरैया खुर्द-सिंबुआ-शीतलपुर-जगतपुर मार्ग पर है। जिसे तीस साल पहले लोगों ने श्रमदान कर बनाई थी। क्षतिग्रस्त होने पर दीवार लगाकर इसे बंद कर दिया गया है। इसके अलावा भौनी-परेवा मार्ग का पर एक पुल है, जो 1930 में बना था। क्षतिग्रस्त होने पर पीडब्ल्यूडी ने इस पर भी आवागमन बंद कर साइन बोर्ड लगा दिया है। इसके अलावा दो अन्य बड़े पुलों के क्षतिग्रस्त होने पहले से आवागमन बंद चल रहा है। इनमें ब्रिटिश काल के बने दोनों पुल हरदोई ब्रांच नहर पर बने हैं। इसमें डगा पुल बीते सात मार्च को दरार आने आधा बह गया था। इसके बाद इस पुल से आवागमन बंद कर दिया गया है।इसके अलावा इसी नहर पर बना कलीनगर पुल बीते 5 जुलाई को दरार आने के बाद बंद कर दिया गया था। दोनों पुलों से आवागमन बंद होने के बाद अब राहगीर अन्य वैकल्पिक मार्गों से गुजर रहे हैं।

# पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ- महेन्द्र श्रीवास्तव



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है पत्रकार को एक दिशा देने का काम करते हैं।हमको इसे सही दिशा में ले जाने का काम करना है।उक्त बातें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मण्डल मंत्री महेन्द्र श्रीवास्तव ने सेमरियावा ब्लाक सभागार में खलीलाबाद तहसील की मासिक समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि जनहित के लिये आप लोग खबरें लिखिए। खबर से ही हमारी पहचान है। जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। संगठन ने पत्रकार हित में काफी काम किये हैं। पत्रकारों का बीमा, इलाज के लिये समुचित व्यवस्था की गई है।स्थाई समिति की बैठक होने जा रही है जिसमें पत्रकारों की समस्याएं सुनी जाती हैं और निराकरण उच्चाधिकारियों द्वारा किया जाता है।हम आपके सहयोग से पत्रकारों के हितों के लिये लगातार लड़ते रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष अतहरूल बारी और संचालन मंडल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने किये। इस अवसर पर जफीर करखी, मनव्वर हुसेन, के के निर्भीक, मुहम्मद परवेज अख्तर, रविन्द्र दहिवाल, विनोद कुमार भारद्वाज, हरिओम चौधरी, नूर आलम सिद्दीकी, रसल श्रीवास्तव, अतीक अहमद, दिग्विजय गोस्वामी, गिरीश गुप्ता, खुर्शीद आलम आदि मौजूद रहे।

# फागू शाह बाबा के मजार पर बुल्डोजर की कार्रवाई पर सपाईयों ने किया प्रदर्शन

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने फागू शाह बाबा के मजार पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्तीकरण पर बुधवार को सैकड़ों की संख्या मे कलक्ट्रेट के सामने पहुंचकर सरकार और प्रशासन की कार्रवाई पर विरोध जताया। उन्होंने इटवा के चौखड़ा स्थित फागू शाह बाबा की मजार ध्वस्त किए जाने को गलत बताया। कहा कि यह मजार दोनों धर्म की आस्था के केंद्र थी। इसे गिराया जाना गलत हुआ है। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि एक विशेष वर्ग खास करके अल्पसंख्यक वर्ग पर अत्याचार किया जा रहा है, जो गलत है। मजार और मस्जिदों को निशाना बनाया जा रहा है। क्षेत्र के चौखड़ा स्थित फागू शाह बाबा की 105 वर्ष पुरानी मजार जो हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक रही है, जिसे बिना किसी नोटिस के अन्याय पूर्ण तरीके से गिरा दिया गया। प्रशासन ने इसे पशुचर की जमीन बताकर ध्वस्त कर दिया। जबकि यह जमींदारों की जमीन है। ध्वस्तीकरण में शामिल अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान विधायक सैय्यदा खातून, पूर्व विधायक विजय पासवान, इदरीश पटवारी सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ आयोजित



वेलकम इंडिया

**राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुडिला में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य जगन्नाथ प्रसाद का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में कार्यरत व्याख्याता उमेश चंद शर्मा ने बताया कि जगन्नाथ प्रसाद हाल ही में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए आयोजित परीक्षा के माध्यम से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांसोटीखेडा बाड़ी के लिए स्थानांतरित किए गए थे इसी उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार की तरफ से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ की तरफ से अपने पूर्व प्रधानाचार्य को माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। विदाई के अवसर पर उपस्थित स्टाफ और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जगन्नाथ प्रसाद ने कहा कि राजकीय सेवा में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है जो कि किसी भी लोकसेवक को विविध स्थानों पर काम करने और भिन्न भिन्न तरह के अनुभवों को प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है जहां भी सरकार सेवा करने का अवसर दे वहां लगन मेहनत और ईमानदारी से अपना काम करना चाहिए।इस अवसर पर राहुल सिंह राजेश कुमार उमेश चंद शर्मा धर्मेन्द्र सिंह नेत्रपाल सिंह आनंद शर्मा घनश्याम शिवदत्त एवं मधुसूदन सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विद्यालय के छात्रों ने किया वृक्षारोपण

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा के गायत्री विद्या निकेतन के छात्रों ने वृक्षारोपण किया। शिक्षक संतोष कुमार ने कहा हम सब लोगों को वृक्ष लगाने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि पर्यावरण शुद्ध होता है। इस अवसर पर स्कूल संचालक जगपाल सिंह, मनोज कुमार, कलुआ सिंह, रिंकू वर्मा, राहुल करण आदि मौजूद रहे।



# सांसद ने नवनिर्माण भवन एएनएम ट्रेनिंग सेंटर का फीता काटकर किया लोकार्पण

असदुल्लाह सिद्दीकी

- इस सेंटर से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।
- शौचालय, बाथरूम, किचन और अन्य मूलभूत सुविधाएं दी गई हैं।

**सिद्धार्थनगर।** जनपद को नीति आयोग योजना के तहत नई स्वास्थ्य सुविधा मिली है। डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में बना नवनिर्माण भवन एएनएम ट्रेनिंग सेंटर का फीता काटकर लोकार्पण किया। सांसद पाल ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में केवल आठ जिलों को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की स्वीकृति मिली थी। जिसमें सिद्धार्थनगर भी इन जिलों में शामिल है। इस सेंटर से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। 2 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से बने इस सेंटर में 10 कमरे हैं। इसमें शौचालय, बाथरूम, किचन और अन्य मूलभूत सुविधाएं दी गई हैं। पहले जिले के एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स और पीएचसी कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए बस्ती मंडल जाना पड़ता था। अब वे स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण ले सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया के अनुसार इस केंद्र में एक साथ 100 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रजत कुमार चौरसिया, वी.एस. यादव जिला अर्थ एवं साढयिकी अधिकारी, एस.पी. अग्रवाल पूर्व चैयरमैन, निरंकार सिंह, सुनील अग्रहरी चैयरमैन नगर पंचायत बढ़नी, डिप्टी सीएमओ डाक्टर संजय गुप्ता, डाक्टर आशीष अग्रहरी, डाक्टर प्रशांत मौर्या, डाक्टर प्रमोद कुमार और उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियंता अमित सिंह भी मौजूद रहे।

# फतेहगंज से स्मैक लाकर, सेटेलाइट व जंक्शन पर फुटकर में करते थे सप्लाई, पुलिस ने दो तस्करों को दबोचा

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



**बरेली।** बारादरी पुलिस ने पीलीभीत बाईपास रोड पर मंगलवार देर रात छापेमारी कर 53 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को दबोच लिया। पुलिस ने इनके पास से एक टेम्पो और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पकड़ी गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5.30 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय आदिल पुत्र मेहंदी हसन और 30 वर्षीय कासिम पुत्र पप्पू शाह के रूप में हुई है। दोनों थाना विशारतगंज के मोहल्ला गुलाबनगर के रहने वाले हैं। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत बारादरी थाने की पुलिस टीम मंगलवार रात गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि डोहरा मोड़ के पास दो युवक नशीले पदार्थ के साथ मौजूद हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया गया। पुलिस पूछताछ में कासिम ने बताया है कि वह यह स्मैक फतेहगंज पश्चिमी अंडरब्रिज के नीचे एक तस्कर से खरीदकर लाया था और इसे आदिल को सौंपने जा रहा था। इस काम के बदले उसे 10 हजार रुपये की कमीशन मिलती। आदिल ने खुलासा किया कि वह टेम्पो के जरिए पहले भी स्मैक बेच चुका है और बरेली के बस अड्डा, रेलवे स्टेशन जैसे इलाकों में इसका फुटकर व्यापार करता है। तस्करी का पूरा नेटवर्क व्हाट्सएप कॉल के जरिए चलता था ताकि किसी को शक न हो। स्मैक की सप्लाई फतेहगंज पश्चिमी के तस्कर से होती थी। पुलिस अब व्हाट्सएप नंबर की जांच में जुटी है और कॉल डिटेल खंगाल रही है।

# प्रतापगढ़ पुलिस का मानवीय चेहरा सडक दुर्घटना मे मृत चौकीदार की पत्नी को दिया आर्थिक सहयोग

विजय द्विवेदी



**प्रतापगढ़** । बाघराय थानान्तर्गत चौकीदार अशोक कुमार की सडक दुर्घटना मे दुखद मृत्यु होने पर प्रतापगढ़ एस पी डा अनिल कुमार के निर्देशन में बाघराय थानाध्यक्ष श्रवण कुमार समेत समूचे स्टॉप ने बड़ा दिल दिखाते हुए आर्थिक सहयोग करने का? किया जिसकी पूरे प्रतापगढ़ जनपद ने भूरि भूरि प्रशंसा की है । मंगलवार को थाने के चौकीदार अशोक कुमार का रोड एक्सीडेन्ट मे मृत्य हो गयी थी ।एकमात्र कमाऊ पारिवारिक प्रमुख की मृत्यु से परिवार पर पहाड टूट गया । जिसे प्रतापगढ़ जनपद की बाघराय पुलिस ने एस पी प्रतापगढ़ के निर्देश पर सज्ञान लेते हुए थानाधिकारी बाघराय मृतक की पत्नी सुनीता देवी को 50000 रुपए की नकद राशि का लिफाफा सौपा तथा कहा कि बाघराय पुलिस मृतक परिवार के साथ तथा हर संभव ह मदद को परिवार के साथ खडी है । मृतक चौकीदार के परिवार की मदद और सहयोग को ग्राम रोर बाघराय के प्रधान शीला पाण्डेय, शशि पाण्डेय के प्रतिनिधि डा संतोष पाण्डेय एडवोकेट द्वारा जनता द्वारा प्रधान चुने जाने के उपरान्त से एक बस भेज कर स्वयं भी सहभागिता कर हर अमीर गरीब के जनाजे में कंधा देकर एव पुष्प अर्पित कर अन्तिम संस्कार को पूरा कराने को संकल्पित हैं,इसी क्रम में श्री पाण्डेय ने सूचना मिलते परिजनों से मिलकर ढ़ाढस बंधाया और कहा वैसे भी हमारा पूरा परिवार पूरे गांव के लोगों को अपना परिवार मानता चला आ रहा है, सुख और दुःख को अपना ही मानते हैं,हर सुख और दुःख की घड़ी में साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया इसके अलावा प्रधान प्रतिनिधि बाघराय रोर डा संतोष पाण्डेय एडवोकेट ने उप जिलाधिकारी कुंडा , राजस्व निरीक्षक,लेखपाल से दूरभाष पर बात कर शासन द्वारा अनुमन्य आर्थिक सहायता दिलाने का बात कही थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक अशोक कुमार की मदद के बाबत समूचे बाघराय थाने के पुलिस स्टॉप ने दी नकद सहयोग राशि जो कुल मिलाकर अर्जित हुए 50000 रुपए नकद धनराशि का लिफाफा मृतक की पत्नी सुनीता सौंपा इसके अतिरिक्त थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क दुर्घटना में शामिल टेम्पो चालक की पहचान हो चुकी हैं जल्द गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# आरटीओ कार्यालय ने प्लास्टिक मुक्त पहल कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आरटीओ परिसर को अब पूरी तरह से प्लास्टिक और पॉलीथिन मुक्त घोषित कर दिया गया है।यह निर्णय न केवल स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाएगा बल्कि अन्य सरकारी विभागों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। आरटीओ अधिकारी प्रवर्तन दल प्रणव झा ने बताया कि कार्यालय परिसर में अब किसी भी प्रकार की प्लास्टिक या पॉलीथिन सामग्री के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके स्थान पर अब पर्यावरण के अनुकूल विकल्प जैसे कपड़े, जूट और कागज से बने थैले एवं अन्य सामग्री का प्रयोग अनिवार्य किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह पहल राज्य और केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत जैसी योजनाओं के समर्थन में उठाई गई है। साथ ही आम जनता से भी अपील की गई है कि जब भी वे कार्यालय आएं, तो प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। स्थानीय नागरिकों और कार्यालय कर्मचारियों ने इस निर्णय का स्वागत किया है।उन्होंने इसे एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया है जो आने वाले समय में अन्य सरकारी संस्थानों के लिए भी एक आदर्श मिसाल बनेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में डिजिटल लाइब्रेरी बैठक सम्पन्न हुई

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में डिजिटल लाइब्रेरी की जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यू.पी. डेस्को के माध्यम से आई. टी. उपकरणों की विशिष्टियों के अनुसार आई.टी. उपकरण की आपूर्ति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। एन.बी.टी. के माध्यम से समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी पुस्तकों की सूची में से पुस्तकों के क्रय करने एवं अन्य प्रकाशकों से पुस्तकें क्रय करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य बी.एस.ए. कॉलेज, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पुस्तकालय अध्यक्ष सूची में से प्रत्येक वर्ग / विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें चिन्हित कर मुख्य विकास अधिकारी के अनुमोदन उपरान्त शासनादेश के अनुसार एन.बी.टी. को आपूर्ति आदेश निर्गत करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुस्तकों के क्रय के साथ साथ एक व्यक्ति एक पुस्तक दान अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। डिजिटल कन्टेन्ट हेतु ऑन लाइन पुस्तक एवं ईबुक सॉफ्टवेयर आदि का भी चयन करने के निर्देश दिये गये। निर्देशित किया गया कि बृज की संस्कृति, इतिहास एवं लोक कलाओं से सम्बन्धित पुस्तकें भी प्रत्येक लाइब्रेरी में रखी जायें। शासनादेश के अनुसार प्रथम चरण हेतु चयनित 120 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। बैठक में अवगत कराया गया कि चयनित भवनों पर महिला व पुरूष हेतु शौचालय, विद्युत आपूर्ति, भवन हेतु एप्रोच मार्ग एवं सी.सी.टी.सी. कैमरा का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सी.सी.टी.वी. कैमरा को आई.पी. एड्रसे से जोड़ते हुए इन सभी पंचायत भवनों में रूफटॉफ सोलर पैनल एवं इनवर्टर का कार्य भी ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि से कराया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पंचायत भवन पर इन्टरनेट बैन्ड विथ एवं इन्टरनेट प्लान सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पुस्तकालयों के संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सेवानिवृत्त शिक्षाविद आदि लोगों के प्रत्येक चयनित ग्राम पंचायत से 11-11 व्यक्तियों के नाम मगाये जायें जिनमें से जनपद स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण कर 05 लोगों की संचालन समिति बनायी जाये।

# स्वर्णकार समाज ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

वेलकम इंडिया

**मथुरा/बलदेव।** स्वर्णकार संघ बलदेव के पदाधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत बेलपत्र का पौधा लगाकर की गई, जो वर्षा ऋतु के वृक्षारोपण अभियान का प्रतीक बना।

संरक्षक बबलू सोनी व दिलीप वर्मा ने कहा कि पेड़ धारा की शोभा हैं ।स्वच्छ और सुंदर जीवन के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है क्योंकि इसमें मानव का स्वास्थ्य व निरोगी रहता है। इस अवसर पर देवकीनन्दन वर्मा, अध्यक्ष रिंकेश्वर प्रसाद सोनी, सुनील वर्मा, हरिओम दादा, दीपक सोनी, मोहित वर्मा, राम सोनी, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# अजगर सांप को बचाने में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/सोंख।** सलेमबाद तहसील किरावली जिला आगरा के रहने वाले श्रद्धालु गोवर्धन परिक्रमा लगाने के लिए आ रहे थे। थाना मगोर्रा क्षेत्र के अंतर्गत सोंख गोवर्धन रोड गांव नगला वारी के समीप रोड पर अजगर सांप दिखाई दिया, ट्रैक्टर ड्राइवर से अजगर को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और पलट गया, जिसमें करीब 40 लोग सवार थे। 21 लोगों के घायल होने की सूचना मिली है, चार लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उनको जीवन ज्योति हॉस्पिटल आगरा रेफर कर दिया गया है ।बाकी सभी को के एम मेडिकल कॉलेज पाली डूंगरा में भर्ती कराया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष के बड़े भाई डीएम उर्फ देवी सिंह ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं का इलाज निशुल्क किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने किया रैपुराजाट विकास खण्ड फरह का आकस्मिक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा दिनांक 16.07.2025 को सहकारी समिति रैपुराजाट विकास खण्ड फरह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहकारी समिति रैपुराजाट के समस्त कक्षों में ताले लगे हुए पाए गए तथा कोई भी कार्मिक निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान दूरभाष पर वार्ता करने पर सचिव श्री दुर्गा प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि वह बैंक में हैं तथा अन्य 02 कार्मिक श्री कमल सिंह, आंकिक एवं श्री सुनील सहयोगी भी बैंक में हैं। निरीक्षण के समय सहकारी समिति बंद पाई गई तथा खाद की उपलब्धता का स्टॉक विवरण भी प्रदर्शित नहीं पाया गया। समिति बंद होने के दृष्टिगत किसानों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। *जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समिति कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए समस्त कार्मिकों का स्पष्टीकरण मांगा है।* समिति अनाधिकृत रूप से बंद पाए जाने के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु 03 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कोई भी समिति निरीक्षण के दौरान यदि बंद पाई जाती है, तो संबंधित के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि शासन के निदेर्शानुसार समितियां खुली रहें तथा समितियों पर उपलब्ध स्टॉक का विवरण भी प्रदर्शित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन खाद / बीज की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा समस्त समितियों पर वितरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गए है।

# पूर्व विधायक धीरज ओझा के मीडिया प्रभारी ने समाजसेवी डा०धीरेन्द्र सिह का मनाया जन्मदिन

वेलकम इंडिया



**प्रतापगढ़ ।** भूपियामऊ स्थित हरीश हॉस्पिटल के संचालक एवं समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे डॉ. धीरेंद्र सिंह का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक रानीगज धीरज ओझा के मीडिया प्रभारी आयुष महेंद्र ने की। हर्षोल्लास से मनाए गये इस कार्यक्रम मे पूर्व विधायक धीरज ओझा को पहुचना था लेकिन किसी बेहद आवश्यक कार्यवश वो न पहुच सके लेकिन उन्होने अपने शुभकामना सन्देशबके साथ अपने ?मीडिया प्रभारी को उपस्थिति देने का निर्देश दिया था । कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. वर्तिका सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने डॉ. धीरेंद्र सिंह को शुभकामनाएँ दीं और उनके स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर समाज सेवा की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. सिंह के चिकित्सकीय योगदान, मरीजों के प्रति उनके व्यवहार एवं सेवाभाव की सराहना की। साथ ही यह भी कहा कि उनका कार्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का समापन सभी के बीच प्रसाद वितरण के साथ किया गया। पूरा माहौल उत्साहपूर्ण और आत्मीय रहा।

# डाकघर के सामने आधार कार्ड बनवाने के नाम पर खुलेआम वसूली, प्रशासन मौन

वेलकम इंडिया




**लखीमपुर खीरी**–लखीमपुर शहर के डाकघर के सामने इन दिनों आधार कार्ड बनवाने के नाम पर खुलेआम वसूली का खेल चल रहा है। गरीब और जरूरतमंद लोग जिन्हें निःशुल्क सुविधा मिलनी चाहिए, उनसे 300 से 500 रुपये तक की मोटी रकम ?सुविधा शुल्क? के नाम पर वसूली की जा रही है। डाकघर के बाहर बैठे कुछ दलाल आम लोगों को यह कहकर फांसते हैं कि बिना लाइन लगाए जल्दी काम करवा देंगे। इन दलालों की गतिविधियां डाकघर परिसर के सामने दिनदहाड़े चल रही हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पूरा मामला प्रशासन और डाकघर कर्मचारियों की नजरों के सामने होते हुए भी अनदेखा किया जा रहा है ।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस पूरे खेल में कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से दलालों का हौसला बुलंद है। शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में आक्रोश है ।लोगों की मानें तो यह लूट लंबे समय से चल रही है और रोजाना सैकड़ों लोग इसका शिकार हो रहे हैं। डाकघर जैसी संवेदनशील जगह पर इस तरह की दलाली और अवैध वसूली न सिर्फ.आम जनता की परेशानी बढ़ा रही है, बल्कि सरकारी सिस्टम पर भी सवाल खड़े कर रही है ।फिलहाल प्रशासन की चुप्पी ने इन दलालों के हौसले और बुलंद कर दिए हैं।

# सिकंदराबाद तहसील में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया करेगा आंदोलन

वेलकम इंडिया



**सिकंदराबादः** सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र की सरकारी कॉलोनी में नीरज भड़ाना के आवास पर सिकंदराबाद तहसील में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील प्रधान एवं नगर अध्यक्ष मलखान सिंह यादव के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में चर्चा कर निर्णय लिया गया कि जल्द ही बुलंदशहर जनपद में संगठन को मजबूत करने हेतु ग्राम स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय एवं प्रेमराज भाटी ने बताया कि सरकारी कॉलोनी में संगठन के कार्यकताओं के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया गया कि संगठन को मजबूत करने हेतु जनपद के सभी ब्लॉक एवं तहसील के साथ-साथ ग्राम स्तर पर संगठन के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि सिकंदराबाद तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है उन्होंने बताया कि लेखपाल कानूनगो एवं तहसील के अन्य कर्मचारी स्थानीय किसानों से उनके कार्य करने हेतु खुलेआम रिश्वत मांग कर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वादा भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा जल्द ही करप्शन फ्री इंडिया संगठन सिकंदराबाद तहसील में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करेगा। इस दौरान-चौधरी प्रेमराज भाटी जिलाध्यक्ष सुशील प्रधान विजयपाल प्रधान धीर सिंह भाटी झम्मन सिंह यादव दया प्रधान मलखान सिंह यादव बसंत भाटी राजकुमार पीलवान सूबेदार जितेंद्र सिंह उधम सिंह नीरज भड़ाना राकेश भाटी प्रमोद शर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

# हर बूथ पर 5 यूथ अभियान में बसपा कार्यकर्ता मजबूती से करें काम - शमीम अहमद



असदुल्लाह सिद्दीकी

**मरियागंज/सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कु0 मायावती के दिशा-निर्देश पर हर बूथ पर पांच यूथ अभियान शुरू किया गया है। समस्त कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर अभियान चलायें मजबूत साथियों को पार्टी का सदस्य बनायें। उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के भगगोभार में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई हत्या लोट आम बात हो गई है कानून नाम की कोई चीज नहीं है। उक्त दौरान बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि दलितों पिछड़ों और खास तौर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किये जा रहे हैं। जिस का जीता जागता उदाहरण है बाराबंकी में बसपा जिलाध्यक्ष की बेटी को गोलियों से भून डाला गया, मगर प्रदेश सरकार मौन है। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें, आने वाला दिन में बसपा सरकार बनना तय है। विधानसभा प्रभारी इन्द्रजीत गौतम ने कहा कि बसपा सरकार में सर्व समाज का उत्थान और सम्मान होगा, हम-सब मिल कर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय पर काम कर कु0 मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने वाले हैं। बैठक में मुख्य रूप से विजय पाल कन्नौजिया, मोहम्मद कैफ, विनोद कुमार राव, श्री राम बाबू, ड0 अशोक कुमार बौद्ध, शीश कुमार बौद्धाचार्य, प्रिंस अम्बेडकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीएससी दिवस पर खीरी जनपद में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस, 1500 केंद्रों पर हुए विविध कार्यक्रम

मोहम्मद असलम



लखीमपुर खीरी इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्त संस्था सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड का आज 16 वाँ स्थापना दिवस सीएससी दिवस के रूप में पूरे खीरी जनपद सहित देश में 5 लाख से अधिक केंद्र जो भारत के सभी पंचायत में उपलब्ध है जिनके माध्यम से लोककल्याणकारी योजना का संचालन होता है धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले के जिला प्रबंधक श्री विवेक अस्थाना ने बताया कि जनपद के हमारे कुल 1500 केंद्र है जहां सभी केंद्रों पर पौध रोपण का कार्यक्रम किया गया एवं लगभग 104 केंद्रों पर ग्रामीणों को इकठ्ठा कर भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चलने वाली महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई , विवेक अस्थाना ने बताया कि ये कार्यक्रम भव्य रूप से देश की राजधानी दिल्ली में भी किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में देश के माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी एवं माननीय रेल मंत्री एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव और माननीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जितिन प्रसाद भी उपस्थित रहे इस अवसर पर बुधवार दिनाक 16-07-2025 लखीमपुर स्थिति खान सीएससी केंद्र पर भी भव्य आयोजन हुआ एवं ग्रामीणों को फसल बीमा, आयुष्मान योजना, सीएससी ओलिंपियाड, लेबर रजिस्ट्रेशन, आदि के बारे में बृहद जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# बागपत में सुन्दर कावड़े बनी लोगो के आकर्षण का केन्द

वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जनपद बागपत में दिन-प्रतिदिन कावड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बड़ी संख्या में लोग कावड़ियों और उनकी भव्य कावड़ों को देखने के लिए कावड़ शिविरों में और सड़को पर देखे जा सकते है। बागपत के शिविर कावड़ियों की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार है और उनकी सेवा कर रहे है। रिवाड़ी वाले भोलों की भगवान शिव की कावड़ जब लधवाड़ी मोड़ पर स्थित शिव शंकर कावड़ सेवा समिति स्वतंत्र नगर नरेला बाकनेर वालों के शिविर में विश्राम के लिए पहुंची तो वहां मौजूद सेवादारों ने उनके साथ जमकर फोटो और सेल्फी ली ओर कावड़ के साथ चल रहे बच्चों की जमकर प्रशंसा की। भोलो ने भी सभी के साथ चिरपरिचित अंदाज में फोटो खिंचवायी और अच्छी सेवा प्रदान करने के लिए शिविर आयोजकों की प्रशंसा की। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरिओम बली, अरविन्द त्यागी ठेकेदार नेथला, महेन्द्र सिंह, कृष्ण पुत्र राममेहर, प्रियदेव, राजीव खत्री, संदीप खत्री, इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, जगपाल महाराज, प्रमोद आदि उपस्थित थे।



# कांवड़ियों की आस्था व सौहार्द बनाये रखने के लिये डीसीपी को ज्ञापन दिया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** सनातन हिन्दू वाहिनी ने डीसीपी ग्रामीण गाजियाबाद को कांवड़ियों की आस्था व सौहार्द बनाये रखने के लिये गैर हिन्दू समुदाय की खाने पीने की दुकानें बंद रखने हेतु ज्ञापन दिया। सावन मास के पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान दिल्ली मेरठ हाईवे से गुजरने वाले कांवड़ियों/श्रद्धालुओं की श्रद्धा व पवित्रता को ध्यान में रखते हुए व शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से गैर हिंदू धर्म के लोगों की जूस, फल, मिठाई, बिरयानी व नानवेज की दुकानें व होटल या अन्य सभी प्रकार की दुकानें कावड़ यात्रा के दौरान तत्काल प्रभाव से बंद कराने के हेतु विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राज वर्मा, प्रदेश अधिवक्ता अरुण चौधरी जिला अध्यक्ष सागर कुमार व उनकी टीम व सत्य सनातन हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष बबलू चौधरी आदि ने डीसीपी ग्रामीण को ज्ञापन पत्र सौंपा ज्ञापन के द्वारा यह मांग की गई कि दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित समुदाय विशेष के लोगों की दुकानें तत्काल प्रभाव से बन्द कराई जाए ताकि शान्ति व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ साथ कानून व्यवस्था कायम रहें। ज्ञापन सौंपने वालों में विश्व सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान राज वर्मा, प्रदेश अधिवक्ता अरुण चौधरी, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद सागर कुमार, जिला उपाध्यक्ष नरेश ठेकेदार, अमरदीप, सचिन दीपक विनोद मिंदर बंटी अभिषेक, सत्य सनातन हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष बबलू चौधरी व संकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोदीनगर की डॉ. प्राची सिंघल को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सम्मान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** राजधानी दिल्ली के महिपालपुर स्थित रेडिसन होटल में रेडियोलॉजी विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय था गर्भ में पल रहे शिशु के हृदय की जाँच, जिसे ह्यफीटल इकोह्न कहा जाता है। इसमें भारत सहित विदेशों से सैकड़ों रेडियोलॉजिस्टों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में मोदीनगर की जानी-मानी रेडियोलॉजिस्ट और फीटल इको विशेषज्ञ डॉ. प्राची सिंघल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। उन्होंने दो महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए और वर्कशॉप का संचालन किया, जिससे उपस्थित विशेषज्ञों को अत्यंत लाभ हुआ। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्राची को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। इससे एक दिन पूर्व डॉ. प्राची ने कानपुर स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक अन्य कांफ्रेंस में भी भाग लिया था, जहाँ उन्होंने ह्लफीटल फेस और एमनियोटिक फ्लूइडह्व विषय पर दो व्याख्यान एवं वर्कशॉप आयोजित किए। डॉ. प्राची की यह उपलब्धि न केवल मोदीनगर के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह क्षेत्र के चिकित्सकों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

# तकनीकी खराबी आने से आंशिक रूप से अंकित पोषकों की आपातकालीन होगी रोस्टिंग

वेलकम इंडिया



मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)। विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर की अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अधीन 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, मोदीस्टील, मोदीनगर से निर्गत 11 के०वी० पोषकों से पोषित क्षेत्रों की 132 के०वी० विद्युत पारेषण उपखण्ड, मोदीस्टील, मोदीनगर पर स्थापित 40 एम०वी०ए० के पावर परिवर्तक में तकनीकी खराबी आने से आंशिक रूप से स्तम्भ 03 में अंकित पोषकों की आपातकालीन रोस्टिंग किये जाने की बाध्यता रहेगी तकनीकी खराबी आने से आंशिक रूप से स्तम्भ तीन में अंकित पोषकों की आपातकालीन होगी रोस्टिंग उपकेन्द्र का नाम 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, मोदी स्टील, मोदीनगर।,पोषक का नाम,11 के०वी० कलछीना (ग्रामीण), मोदीनगर, रोस्टिंग की अवधि 12 घंटे,11 के०वी० काजमपुर (ग्रामीण), मोदीनगर 12 घंटे, 11 के०वी० सौन्दा (शहरी), 11 के०वी० वायर ड्राईग, 11 के०वी० कृष्णा नगर, 11 के०वी० राजबाला,1 के0वी0 मोदी इण्डस्ट्रीज,11 के०वी० मोदी डिस्टलरी, 11 के०वी० तिबड़ा रोड, मोदीनगर-6 घण्टें।11 के०वी० कलछीना (कृषि), 11 के०वी० सौन्दा (कृषि), मोदीनगर- रोस्टिंग की अवधि 04घण्टें।

उक्त रोस्टिंग 132 के०वी० विद्युत पारेषण उपखण्ड, मोदीस्टील, मोदीनगर पर स्थापित 40 एम०वी०ए० के पावर परितर्वक में उत्पन्न हुई तकनीकी खराबी के सही होने के उपरान्त ही सामान्य रूप से विद्युत आपूर्ति की जायेगी।

# एसआरएमआईएसटी में स्टाफ वेलफेयर डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (दिल्ली-एनसीआर कैंपस) में प्रो-चांसलर (प्रशासन) डॉ. रवि पचमुथु के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ₹स्टाफ वेलफेयर डे₹ सप्ताह का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। डॉ. धौम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) ने स्वागत भाषण में स्टाफ की प्रतिबद्धता की सराहना की, वहीं डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन) ने ₹हमारी सबसे बड़ी संपत्तिः स्टाफ में निवेश₹ विषय पर विचार व्यक्त किए। डॉ. एस. विश्वनाथन (निदेशक) ने ₹नेतृत्व और करुणा का संगम₹ विषय पर प्रेरक संबोधन दिया। पैरा ओलंपिक रजत पदक विजेता श्रीमती दीपा मलिक ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की और ₹राष्ट्र का गौरवः हमारे खेल नायक₹ को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि श्री एस. गोविंदराज (कमिश्नर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) ने ₹सपनों को साकार करना, चैंपियनों को आकार देना₹ विषय पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। इसके पश्चात केक कटिंग समारोह हुआ और मुख्य अतिथि श्री बीनू नायर (एरिया एचआर डायरेक्टर, नॉर्थ होटल्स झ्र ताज महल, नई दिल्ली) ने स्टाफ वेलफेयर डे पर अपने विचार साझा किए। ₹आउटस्टैंडिंग अचीवर अवॉर्ड्स 2025₹ के अंतर्गत उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा ₹विश्व युवा कौशल दिवस 2025₹ के अवसर पर ए आई और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवाओं का सशक्तिकरण₹ विषय पर एसआरएम प्रो-स्किल चैंपियनशिप पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनके लिए सात प्रेरणादायक दिव्यांग प्रतिभागियों—दीपा मलिक (पैरा एथलीट), दयाल सिंह पंवार (दृष्टिबाधित कवि), सौरभ दत्त ( ओसीएलक कार्यकारी निदेशक), मल्लिकार्जुन ऐथा (सामाजिक उद्यमी), रेवंश अदलखा (एथिकल हैकर), विदिशा पोखरियाल (चित्रकार), और ऐश्वर्या (कला, नृत्य व अभिनय में पारंगत)—को चुना गया। इन युवाओं ने अपने साहस और प्रतिभा से समाज को प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन डॉ. ए. गीता भवानी (डीन, रिसर्च) के धन्यवाद ज्ञापन और स्टाफ के लिए आयोजित स्वादिष्ट जलपान के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन को डॉ. एस. विश्वनाथन (निदेशक), डॉ. आर. पी. महापात्रा, डॉ. नवीन अहलावत, डॉ. धौम्या भट्ट और डॉ. गीता भवानी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# कार बेचने के नाम पर 8 लाख की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में एक चौंकाने वाला धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें शक्तिखंड-4 निवासी राहुल मोहन ने अपने ही एक परिचित सुमित शर्मा पर कार सौदे के नाम पर 8 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राहुल मोहन के अनुसार, मार्च 2022 में आरोपी सुमित शर्मा उनके पास आया और बताया कि उसकी सास अपनी कार बेच रही हैं, और यह गाड़ी तीन-चार महीने से बिक्री के लिए उपलब्ध है। सौदा आठ लाख में तय हुआ—छह लाख रुपये मौके पर और दो लाख रुपये नामांतरण के समय देने की बात हुई। राहुल ने अगले ही दिन छह लाख रुपये देकर कार ले ली। करीब 15 जून 2023 तक गाड़ी उनके पास रही, लेकिन जब उन्होंने सुमित को आरसी ट्रांसफर और बाकी दो लाख की बात याद दिलाई, तो वह लगातार टालता रहा। इस दौरान राहुल ने जब एक दिन खुद से गाड़ी की आरसी की जांच की, तो पता चला कि कार पर बैंक का लोन चल रहा है। जब उन्होंने संबंधित बैंक से संपर्क किया, तो पता चला कि लोन की किस्तें जमा नहीं हो रहीं और बैंक गाड़ी को जब्त करने की प्रक्रिया में है। इतना ही नहीं, लोगों से पूछताछ करने पर यह भी खुलासा हुआ कि सुमित ने कार लोन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया था। मामला अब केवल सौदे का नहीं, जालसाजी और कर्ज धोखाधड़ी का बन गया है।

# पत्नी की गर्दन पर उस्तरे से हमला करने वाला पति गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना लोनी क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उस शातिर आरोपी पति मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपनी पत्नी पर उस्तरे से गर्दन पर हमला कर उसे मौत के घाट उतारने की कोशिश की थी। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। घटना 3 जुलाई कि है, जब पीड़िता के पिता ने थाना लोनी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी पर उसके पति ने जानलेवा हमला किया है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी थी। पुलिस को कुछ दिन बाद मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मुकेश को बन्थला थाना क्षेत्र में देखा गया है।

# श्री हंस इंटर कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में तंबाकू मुक्त अभियान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई ।जिसमें विद्यालय के लगभग 300 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कला अध्यापक व एन सी सी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार के निर्देशन में यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित किया तथा अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से स्वास्थ्य पर कई हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं। जिनमें कैंसर, हृदय रोग ,फेफड़ों की बीमारी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। पोस्टर प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में डॉक्टर अमित कुमार ,चंदा यादव, जयंती मैडम रही। प्रतियोगिता में सृष्टि, मोनिका ने प्रथम स्थान सिमरन व आरजू ने द्वितीय स्थान। यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, कल्पना आनंद, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, रविंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, राजकुमार ,सुनील कुमार यादव, रीना, कुसुम वर्णवाल, रोबिन कुमार, जयंती मतपाल, शेष प्रताप सिंह,डॉक्टर पारुल अग्रवाल ,संजीव कुमार, सोनम सिंह ,शिखा चौधरी ,रितिका सिंह , चंदा यादव ,रामकुमार शर्मा, प्रमोद कुमार ,सुनील कुमार शर्मा ,सुमित कुमार ,ताज मोहम्मद, शिवकुमार ,मोहम्मद अशफाक, रिंकेश कुमार वर्मा, सचिन कुमार, हेमलता शर्मा ,नीलम शर्मा, वर्षा ,सुनील चौधरी, चंचल ,पूजा शर्मा ,आजाद कुमार ,सौरभ, शिवानी ,दिनेश बाबूजी, राजेश, दयाचंद ,राजवीर ,नागेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय पंजाबी खत्री स्वयंसेवक संघ ने कावड़ शिविर में किया योगदान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय पंजाबी खत्री स्वयंसेवक संघ ने कावड़ शिविर योगदान कर मोदीनगर शहर में रखी अपनी नीव। अखिल भारतीय पंजाबी खत्री स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई शेरू विग के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रतिनिधि भाई आकाश आहूजा व समस्त सदस्यों ने पंजाबी खत्री समाज को एकजुट करने की मुहिम में एक कदम आगे बढ़ाया ।भाई आकाश ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाबी खत्री समाज को एकत्रित करना ही हमारी प्राथमिकता है और इस संदर्भ में हम सदैव कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर अरुण सचदेवा, सुरेंद्र धीर, अंकित आहूजा आदि मौजूद रहे।

# कावड़ियों की सेवार्थ प्रशासनिक कैम्प कार्यालय का फीता काटकर किया उद्धघाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** शिवभक्त कावडियों की सेवार्थ राज चौराहे पर नगर पालिका परिषद के सौजन्य से लगाए गए प्रशासनिक कैम्प कार्यालय का बुधवार को उद्धघाटन किया गया।

सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, विधायक डॉ मंजू शिवाच और पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर पालिका के समस्त सभासद गण व नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद डॉ राजकुमार सांगवान और विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि शिवभक्त कांवड़ियों को सुविधा और सुरक्षा उपलब्ध कराना शासन प्रशासन की प्राथमिकता है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, कोतवाली प्रभारी नरेश शर्मा, अंकित चौधरी, अमरीश कुमार, नायब तहसीलदार संजय शर्मा, उप श्रमायुक्त अनुराग मिश्रा, पीएचसी प्रभारी दिनेश कुमार डॉ करण के अलावा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, अमित चौधरी ,अमितेश जैन, सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश चौधरी, सभासद सूबे सिंह, ललित मित्तल, कृष्णराज, अदित्य कुमार बॉबी, संदीप सांगवान, मोनू धामा, सोनू, नरेन्द्र तोमर, लोकेश डोडी, आकाश शर्मा, संजय चौधरी, कर्मवीर सिंह, अनिल सेन, सत्येंद्र तोमर मनीष अग्रवाल संजय शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# महिला वैश्य सभा द्वारा भव्य तीज महोत्सव का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** महिला वैश्य सभा द्वारा भव्य तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर एवं नीता माहेश्वरी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. शालिनी नैय्यर ने महिला वैश्य सभा का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा, ₹तीज पर्व नारी शक्ति, परंपरा और प्रकृति के सम्मान का प्रतीक है। महिला वैश्य सभा मोदीनगर द्वारा इस आयोजन को जिस सुंदरता और संगठनात्मक क्षमता से प्रस्तुत किया गया है, वह सराहनीय है। इस उत्सव में शामिल होकर मुझे अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है।₹ कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन सदस्यों का विशेष योगदान रहा, उन सभी का मंच से डॉ. शालिनी नैय्यर ने हृदयपूर्वक धन्यवाद किया। विशेष रूप से रेणु मित्तल (संयोजक), रूचि गुप्ता (अध्यक्ष), रेणु गुप्ता, पारुल मोदी, नेहा गुप्ता (सह संयोजक) का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण से इस आयोजन को भव्य रूप दिया।

# डीएम ने फैक्ट्रियो, कट और नालों का किया स्थलीय निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर प्रशासन अब गंभीर रूप से एक्शन मोड में आ गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बुधवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक के बाद, गाजियाबाद के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान कार्बन कॉन्टिनेंटल फैक्ट्री के पास पार्क में एसिटिक पानी भराव की शिकायत पर डीएम ने खुद साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, उप महाप्रबंधक यूपीसिडा रघुनंदन सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसिडा प्रदीप सत्यार्थी सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, कार्बन कॉन्टिनेंटल यूनिट व औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े एनएचएआई कट का भी भौतिक अवलोकन किया। उन्होंने औद्योगिक संगठन प्रतिनिधि श्री हरिओम चौहान और एनएचएआई अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि यह कट औद्योगिक वाहनों की निर्बाध आवाजाही के लिए बेहद आवश्यक है। साथ ही, औद्योगिक क्षेत्र में जल भराव रोकने के लिए यूपीसिडा अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नालों की सफाई और सुचारु जल निकासी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के अंतिम चरण में डीएम दीपक मीणा ने बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में जाकर सड़क पर खड़े अवैध वाहनों और अतिक्रमण की स्थिति देखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क पर अतिक्रमण और खड़े ट्रकों की वजह से जो जाम लग रहा है, वह औद्योगिक विकास और सामान्य जनजीवन दोनों के लिए बाधक है। संबंधित विभागों को इस पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों से कहा कि उद्योगों को सुचारु रूप से संचालित रखने के लिए बेहतर आधारभूत ढांचे का होना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो, एनएचएआई कट व्यवस्थित और ट्रैफिक फ्रेंडली हो, औद्योगिक क्षेत्र में ट्रैफिक और अतिक्रमण पर सख्त नियंत्रण हो।

# डीसीपी सिटी ने मेरठ तिराहा स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। श्रावण मास के पावन अवसर पर चल रही कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद प्रशासन हाई अलर्ट पर है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, मार्गों की निगरानी और भीड़ नियंत्रण के लिए पूरे शहर को सुरक्षा कवच में ढाल दिया गया है। इस व्यवस्था के केंद्र में हैं डीसीपी नगर जोन धवल जायसवाल, जिनकी तेज निगाहें और त्वरित निर्णय क्षमता से हर दिन गाजियाबाद की सड़कों पर व्यवस्थाओं को नई दिशा मिल रही है। बुधवार को डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने मेरठ तिराहा स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। यह कंट्रोल रूम गाजियाबाद शहर में प्रवेश करने वाले कांवडियों की सुरक्षा व्यवस्था का केंद्र बिंदु है। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड का निरीक्षण किया गया। कैमरों की कवरेज, कार्यशीलता और बैकअप सिस्टम की समीक्षा की गई। मौजूद अधिकारियों को संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित रिएक्शन और 24/7 सतर्कता का निर्देश दिया गया। रूट डायवर्जन, ट्रैफिक फ्लो और भीड़ नियंत्रण के प्रत्येक पहलू पर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली रितेश त्रिपाठी, कविनगर भास्कर वर्मा और नंदग्राम पूनम मिश्रा भी उनके साथ मौजूद रहे। डीसीपी ने यह स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए सहिष्णुता, संयम और तत्परता की परीक्षा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की एक-एक सांस की जिम्मेदारी हमारी है। कोई भी चूक अस्वीकार्य होगी। तकनीक और मानवीय संवेदना का समन्वय ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कांवड़ यात्रा के निरीक्षण से पूर्व, डीसीपी धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय पर रोजाना की भांति आने वाले सामान्य नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से हर फरियादी की बात सुनी, समस्याओं की प्राथमिकता और गंभीरता को समझा, संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि जनता का भरोसा ही प्रशासन की पूंजी है। धवल जायसवाल की छवि एक ऐसे अधिकारी की बन चुकी है जो न केवल कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करते हैं, बल्कि जनता से मानवीय संवाद भी बनाए रखते हैं। उनके कार्यशैली की विशेषताएं हैं भौतिक उपस्थिति, सुधारात्मक दिशा-निर्देश, तकनीक आधारित निगरानी, और जनभागीदारी में विश्वास है। कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे गाजियाबाद में प्रशासन और पुलिस टीम एकजुट होकर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सेवा में जुटी हुई है। ट्रैफिक पुलिस, एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, होमगार्ड्स, और स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच समन्वय के लिए डीसीपी सिटी लगातार फील्ड पर सक्रिय हैं।

# गणेश वाल्मीकि की मौत पर फूटा आक्रोश, 5 करोड़ मुआवजा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। हरियाणा के हिसार जिले में वाल्मीकि समाज के युवक गणेश वाल्मीकि की कथित पुलिस पिटाई से हुई मौत का गुस्सा अब हरियाणा की सीमाओं को पार कर उत्तर भारत में भी उबाल मार रहा है। इसी क्रम में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के बैनर तले बुधवार को गाजियाबाद के जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। सैकड़ों की संख्या में जुटे वाल्मीकि समाज के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने दलितों पर अत्याचार बंद करो, गणेश के हत्यारों को फांसी दो जैसे गगनभेदी नारों के साथ प्रशासन और सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे महासभा के जिला अध्यक्ष शक्ति सिंह जीनवाल ने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह उस संगठित दमनकारी मानसिकता की परिणति है, जो दलित समाज को दबाने की कोशिश में जुटी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ आईएएस और आईपीएस अधिकारी जानबूझकर दलितों को निशाना बना रहे हैं और केंद्र सरकार को गुमराह कर रहे हैं। शक्ति सिंह जीनवाल ने कहा कि गणेश वाल्मीकि की मौत सिर्फ एक युवक की हत्या नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज को भयभीत और अपमानित करने की साजिश है। उन्होंने कहा, आज अगर हम चुप रहे, तो कल हर दलित युवा को इसी तरह मारा जाएगा। यह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है और देश के संविधान पर सीधा हमला है। वाल्मीकि महासभा ने मृतक के परिवार को 5 करोड़ रुपये मुआवजा, स्थायी सरकारी नौकरी, और गणेश के माता-पिता को केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदान करने की मांग उठाई है। साथ ही यह भी कहा गया कि जिन पुलिसकर्मियों पर गणेश की मौत में संलिप्तता है, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा के आईजी कृष्ण कुमार राव पर भी हत्या की साजिश का मुकदमा दर्ज कर निलंबित करने की मांग की।

**दोषी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी और आईजी पर केस दर्ज करने की मांग**

# कांवड़ सेवा बना जनसहभागिता का महाउत्सवः रेड क्रॉस और रोटरी क्लब ने मिलकर दिखाई सेवा की मिसाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा महज एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि सेवा, समरसता और समर्पण का संगम बन चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान और गाजियाबाद जिलाधिकारी एवं रेड क्रॉस इकाई के अध्यक्ष दीपक मीणा (आईएएस) की प्रेरणा से इस बार भी भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद ने कांवडियों की सेवा में समर्पित भाव से उतरने का संकल्प लिया है। गाजियाबाद शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार कहे जाने वाले राजनगर एक्सटेंशन चौराहे पर रेड क्रॉस द्वारा प्राथमिक चिकित्सा शिविर की स्थापना की गई है। यह शिविर न केवल घायल या थके कांवडियों को त्वरित राहत देगा, बल्कि जनसेवा के नए मानदंड भी स्थापित कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इस शिविर को पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जैसे ही रोटरी क्लब न्यू गाजियाबाद के अध्यक्ष ने पहल करते हुए रेड क्रॉस उपाध्यक्ष डॉ. अखिलेश मोहन को 1000 स्प्रे, 5000 बैंड एड एवं 600 क्रेप बैंडेज सौंपे। यह सहयोग इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता के सौजन्य से प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने वालों में सभापति सुभाष गुप्ता, संरक्षक सदस्य गौरव त्यागी, विवेक गुप्ता, प्रमोद शर्मा, बरनी जी, आसिफ एवं संजय यादव प्रमुख रहे। रेड क्रॉस उपाध्यक्ष के करकमलों द्वारा सुभाष गुप्ता एवं गौरव त्यागी को उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मान पत्र भेंट कर सराहा गया। रेड क्रॉस के सभापति सुभाष गुप्ता ने कहा कि कांवड़ सेवा अब केवल सेवा नहीं रही, यह पूरे जनपद गाजियाबाद का उत्सव बन चुका है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन की सफलता में जिला प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, और स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय भूमिका अत्यंत सराहनीय है। रेड क्रॉस भी अपनी ओर से कोई कमी नहीं छोड़ेगा। रेड क्रॉस व सामाजिक संगठनों ने यह संकल्प दोहराया कि गाजियाबाद से गुजरने वाला हर कांवडिया भक्त अपने सम्मान और सेवा को जीवनभर याद रखेगा। प्रशासनिक मुस्तैदी और सामाजिक एकजुटता की यह मिसाल गाजियाबाद को सेवा और सौहार्द्र का आदर्श बना रही है।

# जीएचबी फाउंडेशन का 38वां भव्य कांवड़ शिविर शुरू, हर दिन मिलेगा नया स्वाद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। भक्ति, सेवा और स्वाद का संगम कुछ ऐसा ही नजारा इस बार वैशाली सेक्टर-9, लिंक रोड पर लग रहे जीएचबी फाउंडेशन के 38वें विशाल कांवड़ सेवा शिविर में देखने को मिल रहा है। जहां पहले कांवड़ भंडारे की पहचान पूड़ी-सब्जी तक सीमित थी, वहीं अब भंडारों में भी आधुनिकता और विविधता का प्रवेश हो गया है। यहां हर दिन के लिए अलग-अलग व्यंजन तय हैं, जिन्हें विशेष मेन्यू चार्ट के अनुसार परोसा जा रहा है। शिविर के आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन की पूरी श्रृंखला तैयार की है। इसमें शामिल हैं देशी घी का हलवा, मटर के चीले, मटर-पनीर, साबूदाने की खीर, ड्राई फ्रूट खीर, दाल, आलू की सब्जी, और पूड़ी के साथ तवा व तंदूरी रोटी। यानी शिवभक्तों को अब न केवल भक्ति का अनुभव मिलेगा, बल्कि हर दिन भोजन में भी भिन्नता और आनंद का स्वाद चखने को मिलेगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि जैसे हर साल शिविर को सेवा का उत्सव बनाया जाता है, वैसे ही इस बार भी व्यवस्थाओं में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी गई है। 18 सीसीटीवी कैमरों से लैस शिविर की गतिविधियों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है।

# विधायक ने एमएमजी अस्पताल में सीसी रोड निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद को एक आदर्श और सुविधा-संपन्न शहर बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों का प्रयास लगातार जारी है। इसी कड़ी में गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव शर्मा ने बुधवार को जिला चिकित्सालय, एमएमजी अस्पताल परिसर में सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। यह सड़क टीबी विभाग से शवदाह गृह तक बनाई जा रही है, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को आवाजाही में भारी राहत मिलेगी। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में जिस प्रकार से सरकार ने प्राथमिकता के साथ कार्य किया है, उसी का परिणाम है कि आज सरकारी अस्पतालों में भी वे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो पहले केवल निजी अस्पतालों तक सीमित थीं। उन्होंने कहा कि एमएमजी अस्पताल जैसे सरकारी चिकित्सा संस्थानों को आधुनिक तकनीकों और मूलभूत ढांचे से सुसज्जित करने के लिए वे स्वयं व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सीसी रोड निर्माण उसी दिशा में एक छोटा लेकिन बेहद आवश्यक कदम है, जो सीधे जनता की सुविधा से जुड़ा है। विधायक ने यह भी कहा कि जनता ने उन्हें जिस विश्वास और भरोसे के साथ अपना प्रतिनिधि चुना है, वे उस विश्वास पर पूरी तरह से खरे उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उनका निरंतर प्रयास है कि गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में हर नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर स्तर पर प्राप्त हों।

# कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीकों और मजबूत फोर्स की तैनाती

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। सावन माह की पवित्र कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के लिहाज से अभूतपूर्व तैयारियां की हैं। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस बार प्रशासन ने आधुनिक तकनीकों और मजबूत फोर्स की तैनाती से यात्रा मार्ग को पूर्णतः सुरक्षित और सुगम बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने जानकारी बताया कि कांवड़ मार्ग पर इस बार करीब 1600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों की मदद से हवाई निगरानी की जा रही है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल पहचान और रियल-टाइम एक्शन सुनिश्चित किया जा सके। शहर भर में 140 से अधिक सुरक्षाबल की टीमें सक्रिय रूप से तैनात की गई हैं। इन टीमों में पुलिस, होमगार्ड, पीएसी, और ट्रैफिक पुलिस के जवान शामिल हैं। प्रत्येक टीम को अलग-अलग विशिष्ट क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि कोई भी स्थान सुरक्षा दृष्टि से उपेक्षित न रह जाए। 11 अस्थायी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

# महापौर ने किए 8 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों को बुधवार को बड़ी सौगात दी है। शहर के अलग-अलग वार्डों में करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले सीवर, सड़क, नाले और पिंक शौचालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण महापौर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम न केवल विकास का प्रतीक बना, बल्कि यह भी दशार्ता है कि नगर निगम शहर की आधारभूत जरूरतों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने में जुटा हुआ है। शहर के वार्ड 12 में कस्सावन मोहल्ला और डासना गेट से मालीवाड़ा चौक तक सीवर लाइन डालने और सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत की गई, जिसकी अनुमानित लागत 4 करोड़ 75 लाख रुपये है। इसी प्रकार वार्ड 22 और 39 में भाटिया मोड़ से गुलमोहर गार्डन तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई, जिसकी लागत करीब 1 करोड़ 73 लाख रुपये है। वार्ड 36 के अंतर्गत प्रहलादगढ़ी गांव के मुख्य मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया, जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 54 लाख रुपये है। वर्षों से लंबित इन कार्यों की शुरूआत से स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है। वहीं, महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए वार्ड 15 विजय नगर प्रताप विहार पिंक बूथ के पास आधुनिक पिंक शौचालय का लोकार्पण भी किया गया। इस पिंक शौचालय में महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड की 5 रुपये में उपलब्धता, फीडिंग रूम और स्नानघर जैसी विशेष सुविधाएं होंगी। इसकी देखरेख के लिए महिला स्टाफ की तैनाती की जाएगी, ताकि यह स्थान स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का आदर्श केंद्र बन सके। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि यह सभी कार्य जनता की वर्षों से लंबित मांगों के आधार पर चुने गए हैं। उन्होंने बताया कि पार्षदों और स्थानीय निवासियों की ओर से बार-बार इन समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया जा रहा था, जिन्हें अब प्राथमिकता पर लेते हुए नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग की धनराशि से बजट पास कराकर कार्यों की शुरूआत कर दी है। महापौर ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में स्वीकार नहीं की जाएगी और प्रत्येक कार्य समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाए। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पार्षद पूनम सिंह, प्रतिमा शर्मा, विनीत दत्त, उदित मोहन गर्ग, प्रवीण कुमार, राजू शर्मा, महेश शर्मा, पूर्व पार्षद सत्यप्रकाश, मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, अभिषेक शर्मा और क्षेत्र की पुलिस निरीक्षक राजकुमारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।